


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



सलमान खान के बाद...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 23 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 03 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## पीयूष गोयल के बयान पर विपक्ष हुआ हमलावर, तेजस्वी बोले: ये लोग बिहार को बदनाम करते हैं

पटना। संसद में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बिहार को लेकर एक बयान दिया था जिसके बाद से जदयू और राजद के सांसद उन पर हमलावर हो गए हैं। इतना ही नहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी पीयूष गोयल के बयान की निंदा की है। इसके साथ ही उन्होंने उनसे माफी की मांग की है। दरअसल, पीयूष गोयल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा था कि अगर इनका बस चले तो देश को बिहार बना देंगे। इसी पर विपक्षी दल अब जबरदस्त तरीके से पीयूष गोयल पर हमलावर हैं। हालांकि पीयूष गोयल ने आज अपने बयान को वापस ले लिया है। विपक्षी दलों की ओर से राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को भी एक पत्र लिखा गया था। आज कार्यवाही शुरू होने के साथ ही यह मुद्दा उठा और कई दलों ने पीयूष गोयल से माफी की मांग की। इन सबके बीच पीयूष गोयल के बयान पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी अपनी टिप्पणी दी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बिहार पर टिपण्णी की। हमने इसका विरोध किया है और मांग की है कि पीयूष गोयल को माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये लोग बिहार को बदनाम करते हैं और इनके मन में बिहार के प्रति कितनी घृणा है ये सामने आ चुका है। राजद नेता ने आगे कहा कि हम झूठ नहीं कह रहे हैं कि बिहार के साथ पक्षपात हो रहा है। केंद्र बिहार के विकास के लिए सहयोग नहीं कर रही। इससे पहले आज संसद में जदयू के रामनाथ ठाकुर और कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह ने भी गोयल की टिप्पणी का मामला उठाया और इसे बिहार का अपमान बताते हुए उनसे माफी की मांग की। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी यह मुद्दा उठाया और कहा कि उन्होंने बिहार व राज्य की जनता का अपमान किया है। हालांकि, अपने बयान को वापस लेते हुए गोयल ने कहा कि उनका इरादा बिहार और वहां की जनता का अपमान करना कतई नहीं था। उन्होंने कहा, ''मेरा बिहार या बिहार की जनता का अपमान करने का कतई इरादा नहीं था। अगर इससे किसी को ठेस पहुंची है तो मैं तत्काल अपना बयान वापस लेता हूं। यह किसी के प्रति द्वेष की भावना नहीं थी।'' गोयल के बयान के बाद भी विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहा। ज्ञात हो कि गोयल ने यह टिप्पणी मंगलवार को उस समय की जब राजद सदस्य मनोज झा अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। झा ने कहा कि सरकार को गरीबों और औद्योगिक घरानों पर समान रूप से ध्यान देना चाहिए। इस पर गोयल ने जवाब दिया, ''इनका वश चले तो देश को बिहार बना दें।''



## भारत और चीन के बीच हुई 17वें दौर की बात

### सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए दोनों देश

नई दिल्ली। हाल में ही भारत और चीन के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग में झड़प की खबर आई थी। 9 दिसंबर को चीनी सेना ने एलएसी पर एकतरफा स्थिति बदलने की कोशिश की, जिसका जवाब भारतीय सेना की ओर से दिया गया। इन सबके बीच खबर यह है कि भारत और चीन के बीच कमांडर स्तर के 17वें दौर की बैठक 20 दिसंबर को हुई है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, भारत और चीन के बीच 2020 से सीमा पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मई 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की बातचीत चल रही है। अब तक 16 दौर की बातचीत हो चुकी थी। 17वें द्वार की बातचीत 20 दिसंबर को संपन्न हुई है। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने दी है। अरिंदम बागची ने कहा कि भारत–चीन कोर कमांडर स्तर की 17वीं दौर की बैठक 20 दिसंबर को चुशुल मोल्दो में चीनी पक्ष द्वारा आयोजित हुई थी। उन्होंने आगे बताया कि दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में स-।ß के साथ विचारों का आदान–प्रदान किया और शेष मुद्दों पर जल्द से जल्द काम करने के लिए खुलकर और गहन चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पक्ष पश्चिमी क्षेत्र में जमीन पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने और सैन्य और राजनयिक चौनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने और पारस्परिक रूप से स्वीकृत संकल्प पर काम करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने चीन में बढ़ते कोरोना मामलों पर भी अपनी बात रखी। बागची ने कहा कि हम चीन में कोविड की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। हम दुनिया की फार्मेसी हैं और उस रूप में हमेशा दूसरे देशों की मदद की है। उन्होंने कहा कि हमें अभी ट्रैवल एडवाइजरी जारी करना है, लेकिन लोगों को उस देश में स्थानीय दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए जहां वे रह रहे हैं। अफगानिस्तान को लेकर उन्होंने कहा कि हमने इसे चिंता के साथ नोट किया है। भारत ने अफगानिस्तान में लगातार महिला शिक्षा का समर्थन किया है। मैं यूएनएससी संकल्प 2593 को भी याद करना चाहूंगा, जो मानव अधिकारों को बरकरार रखता है जो महिलाओं के लिए समान भागीदारी का आह्वान करता है।



## बिरला ने कुछ देशों में कोविड-19 फिर सक्रिय होने के मद्देनजर सावधानी बरतने का सुझाव दिया

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन का ध्यान कुछ देशों में कोविड–19 के फिर सक्रिय होने की ओर आकृष्ट कराया और सभी को सावधानी बरतने एवं सुरक्षा उपायों का पालन करने का सुझाव दिया। बिरला ने कहा, ''मैं आपका ध्यान विश्व के कुछ देशों में कोविड–19 महामारी के फिर सक्रिय होने की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। पिछले अनुभवों को देखते हुए निरंतर सतर्कता एवं सावधानी बरतने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने भी तत्परता से कदम उठाते हुए कोविड से जुड़े आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी है।

बिरला ने कहा, ''हम सभी मास्क का उपयोग करें और सतर्कता बरतें।'' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सांसद अपने क्षेत्र में जनजागरण के लिए भी प्रयास करें और संसद में भी मास्क पहनकर आएं। उन्होंने सामूहिक प्रयासों से कोविड को हराने अपील की। लोकसभा अध्यक्ष ने यह अपील ऐसे समय में की है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में कोविड–19 की ताजा स्थिति की बृहस्पतिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को ही विश्वभर में तेजी से बढ़ते कोविड–19 के ताजा मामलों को देखते हुए एक समीक्षा बैठक की थी। पिछले कुछ दिनों से चीन सहित कई अन्य देशों में कोविड–19 संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।



## मास्क पहन कर सदन में आने के अनुरोध को विपक्ष ने किया अस्वीकार

### केंद्रीय मंती प्रह्लाद जोशी बोले- ये उनकी मानसिकता दिखाता है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर एक उच्च स्तरीय बैठक में देश में कोविड–19 से जुड़े हालात और इससे जुड़े पहलुओं की समीक्षा करेंगे। यह बैठक चीन में कोविड–19 मामलों में उछाल के लिए जिम्मेदार ओमिक्रॉन के बीएफ.7 संस्करण के चार मामलों के भारत में पाए जाने के एक दिन बाद हुई है। वहीं कोरोना के खतरे के मद्देनजर कई एहतियाती कदम उठाए जाने लगे हैं। संसद में भी कोरोना से बचाव की कड़ी में एक अहम हथियार यानी मास्क पहने हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित दोनों सदनों के सभापति भी नजर आए। लेकिन वहीं विपक्ष की तरफ से इस कदम को नकारा गया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आज सदन अध्यक्ष ने अनुरोध किया था कि कोविड की स्थिति देखते हुए सभी सांसद मास्क पहन कर आएं लेकिन विपक्ष ने ऐसा नहीं किया। ये उनकी मानसिकता दिखाता है। हम इसकी निंदा करते हैं। हम अनुरोध करते हैं कि सदन अध्यक्ष का सम्मान करने की परंपरा को वे आगे बढ़ाएं। वहीं चीन मुद्दे पर विपक्ष के जबरदस्त हंगामा किए जाने और वॉकआउट करने को लेकर जोशी ने कहा कि आज राज्यसभा में भारत–चीन सीमा पर चर्चा के लिए इन्होंने(विपक्ष) हंगामा खड़ा किया। जब सदन अध्यक्ष ने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता मेरे कैबिन में आएं बातचीत करते हैं। तब मल्लिकार्जुन खड़गे ने अहंकार के साथ इसे ठुकरा दिया। हम इसकी निंदा करते हैं।

बता दें कि आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुखा मंडाविया कोविड–19 पर संसद के दोनों सदनों में बयान देने वाले हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्थिति की समीक्षा की और लोगों से भीड़–भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने और टीका लगवाने सहित कोविड–उपयुक्त व्यवहार का पालन करने को कहा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा है कि चीन और अन्य देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए हवाईअड्डों पर रैंडम सैंपल जांच की जाएगी। चीन और कुछ अन्य देशों में कोविड मामलों में अचानक उछाल आया है।



### आईएमए के टॉप डॉक्टर्स की चेतावनी–

## फौरन पहनें मास्क और विदेशी यात्रा से बचें, प्रोटोकॉल नहीं माना तो..

नई दिल्ली। चीन, जापान और अमेरिका समेत विश्व के कई देशों में कोरोना मामलों के अचानक बढ़ने के बाद भारत में इसको लेकर सभी लोगों को सचेत किया जा रहा है। केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारें कोरोना पर आपात बैठक करने की घोषणा कर चुकी है। इस बीच कोरोना केस में तेज वृद्धि को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने जनता से तत्काल प्रभाव से कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के लिए अलर्ट और अपील की है। **दुनियाभर में बढ़ रहे कोरोना मामले:** मेडिकल एसोसिएशन का कहना है कि दुनियाभर में कोरोना के मामलों में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। बीते 24 घंटों में दुनिया में 5 लाख से ज्यादा कोरोना के मामले सामने आए हैं। इसी को देखते हुए कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करने की हिदायत दी गई है। **केंद्र सरकार से भी की अपील:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आम लोगों के साथ केंद्र सरकार से भी एक खास अपील की है। एसोसिएशन ने कहा कि केंद्र सरकार को कोरोना के आने से पहले ही इस बार सारी तैयारी करनी होगी। संगठन के टॉप डॉक्टर्स ने कहा कि 2021 की तरह देश में हालात खराब न हो इसके लिए सरकार को सभी मंत्रालयों और विभागों के साथ मिलकर तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में अभी से आक्सीजन, दवाईओं और अन्य जरूरी चीजों की कमी को दूर करना होगा।



### इन चीजों को रखना होगा ध्यान

1. मेडिकल एसोसिएशन ने लोगों से कई चीजों का ध्यान रखने की बात कही है। जिसमें सबसे ऊपर सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाना है।
2. लोगों को एक बार फिर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को कहा गया है।
3. नियमित रूप से हाथों को साबुन से धोएं या सैनेटाइज करें। किसी भी तरह के सामाजिक समारोह चाहे वो राजनीतिक सभा हो या कोई शादी उससे बचें।
4. विदेशी यात्रा से बचें।
5. बुखार, गला खराब आदि जैसे लक्षण होने पर डॉक्टर को दिखाएं।

## कोरोना पर प्रधानमंत्री की बैठक को लेकर कांग्रेस का कटाक्ष, कहा क्रोनोलॉजी समझिए

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कोविड–19 की ताजा स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बृहस्पतिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाए जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'आप क्रोनोलॉजी समझिए' कि ओमिक्रॉन के सब–वैरिएंट बीएफ.7 के मामले कुछ महीने पहले सामने आ गए थे, लेकिन यह बैठक उस वक्त हो रही है जब 'भारत जोड़ो यात्रा' दिल्ली में प्रवेश करने वाली है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, '' जुलाई, सितंबर और नवंबर में गुजरात एवं ओडिशा में ओमिक्रॉन सब–वैरिएंट बीएफ.7 के 4 मामले सामने आए। स्वास्थ्य मंत्री ने कल राहुल को एक पत्र लिखा। प्रधानमंत्री आज स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। 'भारत जोड़ो यात्रा' एक दिन बाद दिल्ली में प्रवेश करेगी। अब आप क्रोनोलॉजी समझिए।''उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी देश में कोविड–19 की ताजा स्थिति की बृहस्पतिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को ही विश्वभर में तेजी से बढ़ते कोविड–19 के ताजा मामलों को देखते हुए एक समीक्षा बैठक की थी।



### भूपेंद्र यादव ने कहा श्रम बल सर्वेक्षण के तहत 2020–21 में बेरोजगारी दर 4.2 प्रतिशत थी

नयी दिल्ली। श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि श्रम बल सर्वेक्षण की नयी रिपोर्ट के अनुसार 2019–20 और 2020–21 के दौरान अनुमानित बेरोजगारी दर क्रमशः 4.8 प्रतिशत एवं 4.2 प्रतिशत थी जो देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाता है। यादव ने एक सवाल के जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार और बेरोजगारी संबंधी आंकड़े वर्ष 2017–18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएमपीआइ) द्वारा करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है और उपलब्ध नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018–19, 2019–20 और वर्ष 2020–21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) क्रमशः 5.8 प्रतिशत, 4.8 प्रतिशत एवं 4.2 प्रतिशत थी जो देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाता है। उन्होंने अपने लिखित जवाब में कहा कि युवाओं को बेरोजगारी लाभ या भत्ता देने का कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय के पास विचाराधीन नहीं है। हालांकि, कर्मचारी राज्य बीमा (ईएमआई) योजना के तहत आने वाले कर्मचारी बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार हैं और इस संबंध में राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना (आरजीएसवाई) 2005 में शुरु की गई थी।






## तिहाड़ जेल के पूर्व महानिदेशक और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संदीप गोयल निलंबित

नयी दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी एवं तिहाड़ जेल के पूर्व महानिदेशक संदीप गोयल को कर्तव्यों के निर्वहन में कथित लापरवाही के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 1989 के बैच के आईपीएस अधिकारी गोयल को पिछले महीने तिहाड़ जेल के महानिदेशक पद से हटाकर दिल्ली पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तिहाड़ जेल के महानिदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यों के निर्वहन में 'लापरवाही' के लिए निलंबित किया गया है। हालांकि, निलंबन आदेश में फैसले के पीछे कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई गई है। गोयल को उस समय तिहाड़ जेल के महानिदेशक पद से हटा दिया गया था, जब कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने मंडोली जेल में अपनी सुरक्षा के लिए अधिकारी को 12.5 करोड़ रुपये का भुगतान करने का सनसनीखेज दावा किया था। चंद्रशेखर 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले के सिलसिले में मंडोली जेल में बंद है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को सात अक्टूबर को लिखे पत्र में चंद्रशेखर ने यह भी दावा किया था कि उसने आम आदमी पार्टी (आप) में एक 'अहम पद' के लिए पार्टी को 50 करोड़ रुपये और जेल में अपनी सुरक्षा के लिए मंत्री सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।



# पब्लिक में ट्रोल हो रहा बहराइच का जनता अदालत मॉडल

## इंदौर से बेहतर शहर बनाने की मुहिम से चर्चाओं में पत्रकार अजय शर्मा

बहराइचस। मैं तेरी आवाज को आवाज देता हूँ बस तुम मेरी आवाज से आवाज मिला दो...! बस इन्हीं चंद लाइनों से प्रभावित शहर के युवा पत्रकार अजय शर्मा नगर विकास आंदोलन को लेकर सुर्खियों में हैस कहते हैं कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो दो धाराओं के बीच पुल बन ही जाता है। यही कारण है पिछले दो दशक की पत्रकारिता के बाद अब अजय शर्मा नगर विकास योजना के माध्यम से शहर बहराइच को इंदौर से बेहतर मॉडल देने की रूप रेखा बना रहे हैं। इसी वजह से वो जनता अदालत मॉडल से सुर्खियों में हैंस शहर के नागरिकों व आम जन को नगरीय प्रशासन के माध्यम से जन सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शहर के सभी 34 वार्डो में जनता अदालत लगाने की मुहिम से जिले के चर्चित पत्रकार अजय शर्मा सुर्खियों में है। बहराइच के सभी वार्डो में खींचा गया जनता अदालत का मॉडल देश भर में ट्रोल किया जा रहा है। अजय शर्मा नगर निकाय चुनाव के लिये शहर विकास के मॉडल से चर्चा में हैं। हर वार्ड में जनता अदालत और शहर के सभी वार्ड को मॉडल वार्ड बनाने की मुहीम से शहर बहराइच को मॉडल शहर बनाने की योजनाओं से हर चौराहों पर वो चर्चा में आ गये हैस श्री शर्मा ने नगरपालिका परिषद बहराइच से अध्यक्ष पद हेतु भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ने के लिये आवेदन किया हैस उन्होंने बताया कि शहर में व सभी सरकारी कार्ययालयों में स्वच्छता के साथ कुल्लड़ में चाय पिलाने की मुहीम चलाई जायेगी। शहर के सभी 34 वार्डो में चौराहों के होटल आदि पर सिर्फ कुल्लड़ में चाय को प्रचलित किया जायेगा।एक ओर जहां आत्म निर्भरता में कुम्हारो के लिये ये योजना वरदान होगी वही तमाम रासायनिक व दूषित फाईवर कप से निजात मिलेगी।

इसके अलावा शहर के सभी 34 वार्ड को स्वच्छता के बेहतरीन मानकों में लाकर व जल भराव वाले वार्ड को बेहतर मॉडल वार्ड बना कर नागरिक सुविधा बेहतर करने की दिशा में कदमताल करने वाले शहर के प्रवेश स्थलों को पर्यटन परिपथ बनाकर सुशोभित बहराइच करने की तैयारी में लगे अजय शर्मा का शहर विकास का विजन बडा है। यही नहीं कूड़ा से भरे सलारगंज मोहल्ले के दम्पिंग यार्ड स्थल पर सुंदर पार्क बना कर जहरीली हवा में स्वच्छता की थीम देना है। हलाकि चुनावी प्रत्याशी तो कई शहर के वार्ड और शहर भर में दौड़ लगा रहे हैं।

# बालश्रम और बाल विवाह से मुक्त रखने का ग्रामवासियों ने लिया संकल्प

बहराइच। श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश तथा यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत ब्लाक चित्तौरा के ग्राम खलीलपुर से बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ग्राम पंचायत खलीलपुर के मजरे बैरिया में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्यों, आंगनबाड़ी, आशा बहु व पंचायत सहायक द्वारा डोर टू डोर एक्टिविटी के माध्यम से ग्रामवासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्कार संस्था द्वारा बाल श्रम और बाल विवाह उन्मूलन विषय पर कानपुर की संस्था संस्कार द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

अनिल कुमार मण्डलीय रिसोर्स पर्सन यूनिसेफ ने ग्रामवासियों को बाल विवाह व बालश्रम से गांव को मुक्त रखने की प्रतिज्ञा दिलाई। पुलिस विभाग की महिला कांस्टेबल अंजली ने पुलिस विभाग द्वारा बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही हेल्प लाइन नम्बर की जानकारी देते हुए आहवान किया कि कोई भी समस्या आने पर पुलिस को अवश्य सूचित करें। अध्यापक शशिलता ने ग्राम वासियों से अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने तथा स्कूल अवधि में बच्चों से घर व खेत का काम न करवाए जाने के लिए प्रेरित किया। एक्शन ऐड संस्था से राजिया ने बालक व बालिका में अन्तर ने करने तथा लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के के आयु 21 वर्ष पूरी होने पर ही शादी करें।

ग्राम पंचायत के सचिव रंजीत सिंह ने ग्राम पंचायत को बालश्रम और बाल विवाह से मुक्त रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान जन जागरण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले गुरुचरन को प्रशस्ति पत्र तथा संस्कार संस्था द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता दो बच्चों नन्दनी और गुलजार को ग्राम प्रधान द्वारा मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में ग्राम प्रधान ने सभी सम्बन्धित को धन्यवाद ज्ञापित किया जाय। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंचायत सहायक दर्शिता श्रीवास्तव, अध्यापक सुनील, पुलिस विभाग से प्रतिमा द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

## अखिल विश्व हिंदू एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत हुए आनन्द

बहराइच।अखिल विश्व हिंदू एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री योगेश पाठक एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विकास शर्मा द्वारा विशेश्वरगंज निवासी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र को सामाजिक कार्य में रूचि,निष्ठा एवं लगन शीलता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।अखिल विश्व हिंदू एकता मंच पूरे विश्व में हिंदू समाज को जागृत करने एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने तथा अपने हिंदू संस्कृति को जागृत करने का कार्य करता है।आनन्द को प्रदेश अध्यक्ष का पद का दायित्व दिए जाने पर जनपद बहराइच सहित प्रदेश के कई जनपद के विशिष्ट लोगों ने खुशी जाहिर की है।ज्ञात हो कि आनन्द विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यो एवं शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं।

## मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण के लिये विधायक ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। बलरामपुर सदर विधायक पल्टूराम ने मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखकर जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण की मांग की है। सदर विधायक पल्टूराम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सा परिसर, बलरामपुर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और आम जनता चाहती है कि आपके द्वारा मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण हो। सदर विधायक पल्टूराम ने उपमुख्यमंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से जल्द से जल्द लोकार्पण की तिथि सुनिश्चित कराने और जनता के हित में अविलंब स्वास्थ्य सुविधा शुरू कराने की मांग की है। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृत अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सा परिसर जनपद बलरामपुर के लिए एक वरदान है इससे बलरामपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा और तमाम असाध्य बीमारियों का इलाज जनपद में ही संभव हो पायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण की तिथि शीघ्र ही प्राप्त हो होने की उम्मीद है।

## ट्रैक्टर–ट्राला ने तीन भाई–बहनों को कुचला, एक की मौत –बाइक से विद्यालय जा रहे थे तीनों भाई बहन

रूदौली–अयोध्या । मवई थाना क्षेत्र के नरौली गांव से विद्यालय जा रहे छात्रों को ट्राला ने मारी जोरदार टक्कर एक कि मौत एक जिला अस्पताल रेफर एक का सीएचसी रूदौली में चल रहा इलाज। जानकारी के मुताबिक सुबह मवई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरौली निवासी घनश्याम लोधी का 14 वर्षीय पुत्र प्रदीप बाइक से अपनी दो बहनों को साथ लेकर मां कृष्णावती मेमोरियल इंटर कालेज शिव नगर चौराहा पढ़ाई करने के लिए जा रहा था वह जैसे ही गांव के नजदीक ही निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे टैक्टर ट्राला ने बाइक संख्या डी एल 13 एस जी 5034में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें छात्र व दोनों छात्राएं गम्भीर रूप से घायल हो गई और ट्रैक्टर ट्राला कोहरे का फायदा उठाकर मौके से फरार जो गया। गांव नजदीक होने के कारण इन लोगों को लोगों पहचान लिया और तत्काल घटना की सूचना परिजनों को दीसूचना मिलते ही परिजनों सहित काफी संख्या में ग्रामीणों संख्या में भारी भीड़ लग गई जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को मोबाइल फोन से सूचना दी। सूचना मिलते ही पहुंची एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी रूदौली भर्ती कराया।जिसे देखते ही डाक्टरों ने एक 12 वर्षीय बालिका शालिनी को मृत घोषित कर दिया। और छात्र–छात्रा दोनो की हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक छात्रा के शव का रूदौली पुलिस ने पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

मां कृष्णावती मेमोरियल इंटर कालेज में पढ़ते तीनो –पिता घनश्याम लोधी ने बताया कि मां कृष्णा इंटर कालेज शिव नगर चौराहा अपनी दो बहनों को बाइक से लेकर जा रहा पुत्र प्रदीप 14 वर्ष जो कक्षा 7 का छात्र है उसके साथ ही बाइक से पूजा 16 वर्ष कक्षा 8 की छात्रा है और शालिनी 12 वर्ष जो प्राइमरी के सरकारी विद्यालय में छठी की छात्रा थी लेकिन उसने अपनी मर्जी से इन लोगों के साथ ही इस विद्यालय में नाम लिखा लिया जहां उसका नाम कक्षा दो लिखा गया है इन्ही दोनों को साथ लेकर प्रदीप विद्यालय जा रहा था। इस सम्बंध में मवई थाना प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि सुबह नरौली गांव निवासी घनश्याम लोधी का पुत्र प्रदीप बाइक संख्या डीएल 13 एस जी 5034 से अपनी दो बहनों को लेकर पटरंगा थाना क्षेत्र के मां कृषणवती मेमोरियल इंटर कालेज जा रहा था जिसको सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राला ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से परिजन सीएचसी रूदौली लेकर गए जहां डाक्टरों ने शालिनी 12 वर्ष को मृत घोषित कर दिया और गम्भीर रूप से घायल पूजा 16 वर्ष व प्रदीप 14 वर्ष को जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया।उन्होंने बताया कि ट्रेक्टर ट्राला मौके से कोहरा का फायदा उठाते फरार हो गया है लेकिन उसकी तलाश की जा रही है।

## 28 दिसम्बर को होगी शिव कथा महाआरती और भन्डारा

बहराइच। शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस श्रद्धेय रविशंकर गुरू भाई के सान्निध्य में रामजानकी मन्दिर से कलश यात्रा उठकर विश्वनाथ मंदिर होते हुए कथा स्थल क्लासिक लॉन में पहुंची। कलशयात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरूष व युवक युवतियों ने भाग लियास ज्ञात हो कि शिव पुराण में शिव भक्ति और शिव महिमा का बखान है। पुराणों में भी शिव को त्याग तपस्या वात्सल्य तथा करुणा की मूर्ति बताया गया है। शिव सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले और मनोवांछित फल देने वाले हैं। उक्त बातें शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने पर रवि शंकर गुरु भाई ने स्थानीय क्लासिक लॉन में कहीं। इस दौरान सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, शिव स्तुति, द नमः शिवाय व महामृत्युंजय मंत्र, रामायण आरती व हनुमान आरती से संपूर्ण पांडाल भक्तिमय देखने को मिला। सनातन धर्मावलंबियों ने शिव कथा के महात्म्य को मन लगाकर सुना और तमाम प्रश्नों के माध्यम से लोगों ने अपनी जिज्ञासा भी शांत की। श्रधेय गुरु भाई ने नानपारावासियों से शिव महापुराण कथा का अनुश्रवण करने की अपील की है। कथा आयोजक उन्नति डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक डॉ० एस पी श्रीवास्तव ने बताया कि . अपरान्ह 2 बजे से कथा प्रारंभ हुई जिसका समापन 27 दिसंबर को होगा, 28 दिसंबर को पूर्णाहुति, महाआरती व भंडारा संपन्न होगा।

# फर्जीवाडे से मदरसा शिक्षा बोर्ड की साख पर लग रहा धब्बा,जॉच की मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर/बलरामपुर। एक लेकिन अधिकारियों और बाबुओं की मिलीभगत के कारण ना तो दारुल उलूम अतीकिया, जरवा रोड तुलसीपुर मैं तैनात है। इन्होंने अनवारुल उलूम नई बाजार की सोसाइटी के अध्यक्ष भी हैं। तीसरा मामला–वहीं, जब हमने इस मामले पर जानकारी और कार्रवाई के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अधिकारी आशीष द्विवेदी से बात की तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा मामले को संज्ञान में लाया गया है। मामले की जांच करवाई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सहायक अध्यापक सिराज अहमद के खिलाफ हुई अन्य शिकायतों पर जब हमने कार्रवाई की प्रगति के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में मैंने विभाग का चार्ज लिया है। पिछले आरोपों के बारे में जानकारी नही है। फिर जांच करवाई जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।



तरफ बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति पा चुके तकरीबन 15 हजार सहायक अध्यापकों की जांच चल रही है। वहीं, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड में भी लगातार शिक्षकों की नियुक्ति के मामले में फर्जीवाड़े चल रहे हैं। बलरामपुर जिले उत्तर प्रदेश मदरसा परिषद के तहत 25 मदरसे अनुदानित हैं। जिनमें जमकर भ्रष्टाचार देखने को मिलता रहता है। खासकर मैनेजमेंट और मदरसा बोर्ड द्वारा नियुक्ति पाने वाले अध्यापकों के मामले में। जिले में मदरसा बोर्ड के तहत संचालित होने वाले मदरसे भी इससे अछूते नहीं है यहां भी फर्जी शिक्षकों की भरमार है। जिले के कई मदरसों में तैनात शिक्षकों के बारे में जागरूक नागरिकों ने शिकायत कर रखी है कि इनकी नियुक्ति कहीं ना कहीं से फर्जी है या तो शिक्षकों ने फर्जी अंक पत्रों व प्रमाण पत्रों के सहारे नौकरी हासिल की है। या मदरसा मैनेजमेंट की कृपा से मदरसा नियमावली के नियमों को दरकिनार करते हुए इन्हें नौकरी दी गई है। समय से इनकी जांच हो पाती है और ना ही इन पर कार्रवाई हो पाती है। दूसरा मामला–जिले के तुलसीपुर तहसील मुख्यालय के जरवा रोड स्थित एक मदरसे में भी फर्जी अंकपत्रों के सहारे नियुक्ति पाने का मामला प्रकाश में आया है। जन सूचना के जरिए पता चला है कि मदरसा दारुल उलूम अतीकिया में सहायक अध्यापक तहतानिया के पद तैनात सिराज अहमद ने अपने श्आलिमश् होने का प्रमाण पत्र व अंक पत्र फर्जी तरीके से बनवाया है। उन्होंने जिस मदरसे से आलिम होने का प्रमाण पत्र लगाया है। उस मदरसे में ना तो इनका नाम लिखा मिला, ना हीं इनका एग्जामिनेशन फीस जमा मिला। साथ ही मदरसा बोर्ड द्वारा आलम का इम्तिहान देने के लिए इन्हें कोई प्रवेश पत्र भी जारी नहीं किया गया है। उस्मान अहमद ने मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि सिराज अहमद पुत्र मुस्तफा खान सहायक अध्यापक तहतानिया के पद पर मदरसा कूट रचित तरीके से आलिम का अंक पत्र हासिल करके नियुक्ति पाई है। ये 7 वर्षों से तथ्यों का गोपन कर अनियमित तरीके से वेतन का भुगतान ले रहे हैं। शिकायतकर्ता उस्मान अहमद ने आरोप लगाया है कि जन सूचना के तहत पता चला है कि मदरसा जामिया मदारुल उलूम बिशुनपुर टांटनवा की, जो डिग्री इन्होंने लगाई है, वह फर्जी है। सिराज अहमद द्वारा उक्त योग्यता हेतुदर्शित परीक्षा केंद्र से आवेदन ही नहीं किया। ना ही आलिम आवेदन पंजीकरण संख्या 00442739 तथा अनुक्रमांक संख्या 3050069 हेतु कोई परीक्षा शुल्क ही जमा किया। इसके साथ ही इनके सापेक्ष ना कोई प्रवेश पत्र, डेस्क स्लिप, अटेंडेन्स शीट इत्यादि मिला है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि मदरसा सेवा नियमावली 2016 के अनुसार किसी वित्तीय सहायता प्राप्त मदरसे में तैनात शिक्षक या शिक्षणेत्तर कर्मी, किसी अन्य मदरसे का सदस्य नहीं हो सकता है। लेकिन सिराज अहमद जामिया

## डीएम ने किया अंग्रेजी शराब की दुकान का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। गुरुवार को डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा शहर क्षेत्र में पहलवारा मोहल्ले स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान का औचक






निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दुकान के बाहर अंग्रेजी शराब के ब्रांड की रेट सूची, स्टॉक रजिस्टर, दुकान का लाइसेंस, विक्रेता का नाम आदि देखा एवं स्टॉक रजिस्टर को प्रतिदिन मेंटेन किए जाने, ब्रांड वाइज सेल नोट किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने शराब की बोतलों का आबकारी विभाग के ऐप से स्कैन कराकर वैधता का निरीक्षण किया। सभी शराब की बोतलें वैध पाई गई। उन्होंने शराब के परिवहन व आवागमन के व्यवस्था के संबंध में विस्तृत पूछताछ की तथा किस ब्रांड की मदिरा उपलब्ध है इसके बारे में जानकारी ली। डीएम ने सख्त निर्देश दिया कि मिलावट अथवा अवैध शराब की बिक्री ना हो, वरना सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक व अन्य आबकारी विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रसोइयों के लिए संविलयन विद्यालय में हुआ सम्मान कार्यक्रम

बहराइच। जिले के विकास खंड जरवल के बिराहिमपुर बेल्हौरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बिराहिमपुर में न्याय पंचायत के परिषदीय विद्यालयों में तैनात रसोइयों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गयासजिसके मुख्य अतिथि बीईओ जरवल संतोष कुमार सिंह रहे। इस कार्यक्रम में बीईओ ने उपस्थिति रसोइयों को गर्म वस्त्र देकर समानित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में पढ़ाई कर रहे नौनिहालों को परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के साथ ही मिलने वाले पौष्टिक भोजन को बनाकर तैयार करने में रसोइयों की कर्तव्यनिष्ठा महत्वपूर्ण है। पूरी लगन के साथ विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार कर माता के स्नेह जैसे बच्चों की थाली में परोसने का सेवा भाव सदैव प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में पचास से अधिक रसोइयो को वस्त्र प्रदान किये गए। कार्यक्रम के आयोजक संकुल प्रभारी अब्दुल सलाम ने मौजूद अतिथियों स्थानीय ग्रामीणों का का आभार ज्ञापित किया। संचालन शिक्षक खलीकुज्जमा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक उबैदुर्रहमान, ग्राम प्रधान फखरुद्दीन, आरिफ हाशमी, मुईनुउद्दीन, विवेक अवस्थी, अभिषेक श्रीवास्तव, राजकुमार, नीतेंद्र लाक्षाकार, आराधना, शुक्ल, क्षमा समेत तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# तैनात डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र पर कभी भी नहीं आते लग रहा आरोप

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर/बलरामपुर। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के लाख प्रयास के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चीब का व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रहा है।

जिले के विधान सभा क्षेत्र गैसडी अन्तर्गत प्राथमिक तुलसीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नचौरा में काफी समय से तैनात डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र पर कभी भी नहीं आते हैं कार्य स्वयं न करके एक प्राइवेट अप्रशिक्षित से करवाते हैं तथा सरकार से वेतन लेकर मौज से प्राइवेट क्लीनिक भी चलाते हैं ।

उक्त पर बताया जाये कि आज तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नचौरा में कुल कितने फार्मेसिस्ट वार्ड बॉय तथा इंचार्ज तैनात है तथा सरकार द्वारा जो जांच की व्यवस्था दिया गया है ।

अल्ट्रासाउंड एक्सरे खून पेशाब शुगर बलगम आदि भी विभिन्न प्रकार की सभी प्रकारों की जांच की व्यवस्था है सरकार द्वारा निर्माण वर्ष से ही कर दिया गया था परंतु आज तक पीएचसी पर व्यवस्था ना होने के कारण केवल कागज मात्र में ही रह गया ।

मरीजों को 10 किलोमीटर दूर पैसा खर्च करके तब यह सारे जांच तथा इलाज करवाने पड़ते हैं जबकि सरकार द्वारा निशुल्क सारे जांच तथा इलाज तथा दवाओं की व्यवस्था की गई है उक्त सभी आरोप ग्रामीणों ने लगाकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग सक्षम अधिकारियों से की है।

# कच्चे कार्यों पर चल रहा है भारी गोलमाल,सैकड़ों मजदूर का मास्टर रोल,मौके पर 10 से कम







पंकज चौबे/
दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। सरकार के सख्त आदेश और जिले के अधिकारियों की प्रतिदिन मनरेगा की मानीट्रिंग होने के बाद भी बढ़नी ब्लॉक के अधिकतर ग्राम पंचायतों में धकाधक फर्जी मास्टर रोल भरा जा रहा है यहां के अधिकारियों कर्मचारियों को सरकार, जिले के उच्चाधिकारियों का कोई डर नही है डर दिखे भी क्यों जब पूर्व में मनरेगा में बड़े बड़े घोटाले हुए और कार्यवाही के नाम पर आज तक कुछ नहीं हुआ मुकदमा तक दर्ज नहीं करवाया गया केवल लीपापोती हुई। यही वजह है कि कई मनरेगा कर्मियों के हौसले बुलंद है। फर्जी मास्टर रोल भरने, भराने से बाज नहीं आ रहे है। कई ग्राम पंचायतों में कच्चे कार्य पर मास्टर रोल 60–150 के आस पास या फिर अधिक निकाला जा रहा है लेकिन अनेकों ग्राम पंचायत में एक दर्जन मजदूर नहीं दिखाई दे रहे है इसका मतलब साफ है कि फर्जी कागजी मास्टर रोल चल रहा है। मनरेगा को लेकर सरकार गंभीर हो गई है मजदूरों की मजदूरी तक आनलाइन हाजिरी तक भेजने का प्राविधान कर दिया गया है फिर भी अनेकों ग्राम पंचायतों में इसका कोई फर्क नहीं है।

बढ़नी के कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा का पलीता निकाला जा रहा है मास्टर रोल पचासों का निकलेगा लेकिन मौके पर एक भी लेबर काम करते नहीं मिल रहे है। जिला प्रशासन की सख्ती होने के बाद भी यहां के कर्मियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। यहां मनरेगा योजना के नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है सबसे बड़ी बात तो ये है कि अनेकों प्रोजेक्ट पर मास्टर रोल दूसरे का निकाला जाता है और मौके पर जो मजदूर रहते भी है वे दूसरे रहते है क्यों कि कई ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के कार्य को ठेका पर कराया जा रहा है।

ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने कही नहीं जाती है केवल कार्यक्रम अधिकारी कितना काम और गाव चेक कर पाएंगे। पूरे जिले में मोबाइल मानीट्रिंग सिस्टम लागू होने के बाद भी यहां फर्जी हाजिरी लगाने का धंधा बंद न हो इसलिए यहां कहीं कही ही मोबाइल मानीट्रिंग सिस्टम लागू हो पाया है। यहां कई ग्राम पंचायतों में ब्लॉक कर्मियों द्वारा मनमानी की जा रही है।

जबकि कई लोगो द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से शिकायत भी करते है लेकिन इनको कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस प्रकार मनरेगा योजना द्वारा सरकारी धन लूटने में कई ग्राम प्रधान सहित ब्लॉक कर्मी भी लगे हुए है। ताजा मामला विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत ग्राम पंचायत तौलिहवा,खैरा,बैदौली आदि का है जहा कागज में 50 से 130के लगभग लेबर का मस्टर रोल चल रहा है जिसमे कही 20–30 व 15–20 लेबर ही काम करते मिले, वही अधिकांश मजदूर दूसरे ग्राम पंचायत जिनका मस्टर रोल में नाम ही नही है। दुकानदार व घुंघट की आड़ में रहने वाली महिलाएं बनी मनरेगा मजदूर हिन्दी दैनिक बुद्ध का संदेश की टीम मस्टररोल की सच्चाई जानने के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची जहा कुछ मजदूर अपना दैनिक कार्य जैसे दुकान चलाते व कुछ महिलाएं जो घुंघट में रहने वाली मिली ,जो कभी मजदूरी करने गई ही नही।

## महिला अभिभावकों के बीच खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। इटवा बुधवार को खुनियांव ब्लॉक के अंतर्गत



प्राथमिक विद्यालय महुई में अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान महिला अभिभावकों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राथमिक विद्यालय महुई में हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया एव प्राथमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार कन्नौजिया ने छात्रों के सम्यक विकास हेतु अभिभावकों का विद्यालय के प्रति जुडाव आवश्यक बताया। उन्होंने बैठक में बताया की बच्चों के साफ सफाई पर केवल अभिभावक ही ध्यान दे सकते है और उन्हें सफाई के प्रति जागरूक भी कर सकते है। महिला अभिभावकों के बीच खेल प्रतियोगिता बहुत ही रोचक एव आकर्षक रही। खेल में लेमन, रेस, चेयर रेस, के साथ अन्य गतिविधियां भी कराई गई खेल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभिभावकों को ग्राम प्रधान के द्वारा पुरुस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में हुमाना पीपल टू पीपल इण्डिया के कार्यक्रम प्रभारी अजय कुमार और अभिषेक कुमार मौर्य ने सभी को अपने संस्था के उद्देश्यों को बताया।

## अल्ट्राटेक डिस्ट्रिक्ट हेड ने किया टूर्नामेंट का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय पर जिला स्टेडियम में गुरुवार





को अल्ट्राटेक डिस्टिक हेड मनीष श्रीवास्तव ने गौतम बुद्ध लेदर बॉल प्रतियोगिता 2022 के तीसरे सीजन का उद्घाटन करते हुए शुभारंभ किया। आपको बता दें कि गौतम बुद्ध लेदर बाल प्रतियोगिता 2022 के तीसरे सीजन की शुरुआत गुरुवार को जिला स्टेडियम में की गई शुरुआत के अवसर पर अल्ट्राटेक डिस्ट्रिक्ट हेड मनीष श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मनीष श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलो इंडिया बढ़ो इंडिया का नारा देते हुए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर गौतम बुद्ध लेदर बॉल प्रतियोगिता 2022 सीजन 3 के आयोजक योगेश वर्मा ,राकेश वर्मा एवं विक्की शर्मा सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## उचित दर विक्रेता की दुकान का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड नौगढ़ एवं विकास खण्ड बांसी की विभिन्न सरकारी उचित दर विक्रेता की दुकान का जिलाधिकारी







संजीव रंजन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा स्टाक रजिस्टर एवं विक्री रजिस्टर का मिलान किया गया। इसके साथ साथ उपस्थित राशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से वार्ता की गयी। वार्ता के लाभार्थियों द्वारा जानकारी दी गयी कि राशन समय से व सही मात्रा मिल रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जिला पूर्ति अधिकारी को अन्त्योदय कार्ड धारको का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक एवं ए0आर0ओ0 (क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी) को निर्देश दिया कि क्षेत्र में भ्रमणशील रहे एवं उचित दर दुकानो का निरीक्षण करते रहे। इसके साथ ही लाभार्थियों को समय से एवं सही मात्रा में राशन मिलता रहे। लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, पूर्ति निरीक्षक नौगढ़, पूर्ति निरीक्षक बांसी आदि उपस्थित थे।

## आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास:राकेश दत्त त्रिपाठी









दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर।गुरुवार को नगर निकाय चुनाव में सदर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के भाजपा की संभावित अध्यक्ष उम्मीदवार प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी के समर्थन में सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं प्रचार करती नजर आ रही है। यह महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों के विस्तारित नगरपालिका से हैं महिलाओं ने वार्ता के दौरान बताया कि प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी एक ऐसे युवा समाजसेवी है जो सभी के सुख दुख में शामिल रहते हैं और हमेशा हम सब की सहायता करते रहते हैं यदि इन्हें नगर पालिका अध्यक्ष पद पर चुना जाएगा तो हम सबको और सहायता प्राप्त होगा महिलाओं ने नगरपालिका के 25 वार्डो में जाकर प्रियंका त्रिपाठी पति राकेश दत्त त्रिपाठी के समर्थन में वोट मांग रही है उन्होंने बताया कि आज थरौली, कृष्णा नगर, अनूप नगर ,अटल नगर ,डॉक्टर हेडगेवार नगर में एक–एक घर जाकर लोगों से जनसंपर्क कर प्रियंका त्रिपाठी पति राकेश दत्त त्रिपाठी को नगर पालिका अध्यक्ष बनाने की अपील की है महिलाओं ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है सारी जनता चाहती है कि प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष बने। आपको बता दें कि सैकड़ों महिलाएं निःशुल्क रूप से महिला बिग्रेड बनाकर लगातार प्रियंका त्रिपाठी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान छेड़े हुए हैं जो उन्हें अन्य उम्मीदवारों से अलग रखे हुए हैं जहां नगर निकाय चुनाव के टल जाने की आशंका मड़रा रही है तो वहीं राकेश दत्त त्रिपाठी लगातार अब पूरे जोर–शोर के साथ योगी मोदी के योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए प्रियंका त्रिपाठी के पक्ष में वोट मांगते नजर आ रहे हैं महिला बिग्रेड जहां हर घर जा रही हैं वहीं जिन घरों में बच्चे पैदा हुए हैं वहां सोहर भी गाती नजर आ रहे हैं यह अनोखा प्रचार का तरीका जनपद ही नहीं पूर्वांचल में अपने तरह का एक अलग ही है अब देखना है कि महिलाओं के सोहर को नगर पालिका परिषद की जनता कितनी पसंद करती है कितने ज्यादा वोटों से नगर पालिका अध्यक्ष पद पर प्रियंका त्रिपाठी को बैठाती है।

## इदरीश राईनी पटवारी ने कोहरा व ठंडक देख सफाई नायकों को किया निर्देशित

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बांसी। बृहस्पतिवार को बांसी नगर पालिका कार्यालय पर



बढ़ती कोहरा व ठंडक को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश राईनी पटवारी के नेतृत्व में हुई बैठक में सभी सफाई नायकों को निर्देशित किया नगर के सभी वार्डों व मुख्य चौराहे पर अलाव जलाया जाए। जिससे आने जाने वाले मुसाफिरों राहगीरों को ठंडक से बचने के लिए सभी सफाई नायकों को अलाव जलाने के लिए कहा गया।

# कोरोना के नए वैरियंट के खिलाफ पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह ने कसा कमर

## पूर्व विधायक ने लोगों के बीच बाँटा मास्क और किया जागरूक

दिलीप श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। चीन में कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमण के मामलों में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी को देखते हुए भारत सरकार भी सतर्क हो गई और इस महामारी से निपटने के लिए राज्य सरकार को भी दिशा–निर्देश जारी किया गया है. यही वजह है कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने कोरोना की रोकथाम के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। इसी क्रम में गुरुवार के दोपहर को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह समर्थकों के साथ जिला पंचायत मार्केट में लोगों को मास्क वितरित करते व जागरूक करते नजर आए।दुनिया के कई देशों में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 5 लाख 37 हजार नए मामले सामने आए हैं. भारत में भी कोरोना के नए वेरिएंट के तीन मरीजों के पुष्टि हो चुकी हैं. इसे देखते हुए कोविड़–19 को लेकर एडवाइजरी जारी किया है।चीन सहित विभिन्न देशों में पिछले 24 घंटे में कोविड़ मामलों में अचानक हुई वृद्धि को देखते हुए, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भी अलर्ट मोड में आ गया है और कोविड–19 को लेकर नया दिशानिर्देश जारी किया है. एसोसिएशन ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि तत्काल प्रभाव से सभी लोग कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करें.



लोगों से फेसमास्क पहनने की अपील की गई है. इसके साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।बताते चले कि राघवेन्द्र प्रताप सिंह सिद्धार्थनगर जनपद के संभवतः पहले जनप्रतिनिधि हैं जो पूर्व में कोविड 19 की महामारी में जनता में मास्क, साबुन, सेनेटाइजर सहित बचाव हेतु अन्य आवश्यक वस्तुओं को वितरित किया था और भयानक महामारी में भी लोगों के बीच बने हुए थे , जनता में उपयोगी वस्तुओं की होम डिलेवरी, आए हुए प्रवासी मजदूरों को कम्युनिटी किचन के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराना, कोरोना वारियर्स पर पुष्प वर्षा से सम्मानित करते हुए जनता व जनप्रतिनिधियों को एंटी कोरोना मंत्र शपथ दिलाना तथा जन जागरूकता फैलाने का काम करते हुए नजर आए थे।इस दौरान नरेंद्र मणि त्रिपाठी, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप पाण्डेय, समाजसेवी रमेश श्रीवास्तव, राजीव कुमार, शत्रुहन सोनी, कमलेंद्र त्रिपाठी, संतोष पासवान, डम्पू पाण्डेय आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## पुलिस से नही मिला न्याय पीड़िता डीआईजी से लगाई गुहार’

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के तालनटवा गांव के टोला धर्मपुरवा में संगीता पत्नी रामदरश ने पुलिस पर रुपए लेने का आरोप लगाई है पीड़िता ने बताया कि छः महीने पहले जमीनी विवाद में छत से नीचे गिरा दिया गया था और पुलिस को उसी दिन सूचना दिया गया लेकिन छोटा सा एनसीआर पुलिस द्वारा किया गया था पीड़िता ने थाना अध्यक्ष के ऊपर भी रुपए लेने का आरोप लगाई है और कही कि थाना अध्यक्ष द्वारा गलत मुकदमा में फसा देने का भी आरोप लगाई है उसका थाने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न होने से डीआईजी बस्ती रेंज राम कृष्ण भारद्वाज के पास पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई है।

# सम्पादकीय

## समस्या मॉडल में है

**जबकि सेल्समेन ने मीडिया को बताया है कि उन पर हमेशा टारगेट पूरा करने का दबाव रहता था। जाहिर है, ऐसी समस्याओं का मौजूदा माहौल में कोई कानूनी समाधान उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद सरकार से यह मांग जरूर की जा सकती है कि वह शिक्षा को व्यापार बनाने की तेजी से बढ़ी प्रवृत्ति के खिलाफ पहल करे। हालांकि ...**



सरकार से यह मांग की जा सकती है कि वह शिक्षा को व्यापार बनाने की तेजी से बढ़ी प्रवृत्ति के खिलाफ पहल करे। हालांकि भारत में सरकारें जिस फिलॉसफी से चल रही हैं, उसके बीच ऐसा होने की संभावना कम ही है। जब शिक्षा ज्ञान–विज्ञान का स्रोत ना रह कर विशुद्ध रूप से बिजनेस बन जाती है और समाज भी उसे उसी रूप में देखने लगता है, तब शिक्षा के गोरखधंधे का फैलना कोई अस्वाभाविक बात नहीं होती। एक कंपनी जब शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से हटा कर उसी समय करोड़ों रुपये में ब्रांड अंबेसडर से करार करती हो, तो उसके मॉडल में समस्या है, यह बात खुद ही सबको समझ में आ जानी चाहिए। लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। अब एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑनलाइन लर्निंग उपलब्ध करवाने वाली कंपनी बायजूयस के खिलाफ हजारों शिकायतें आ रही हैं। हालांकि 75 लाख ग्राहकों वाली इस कंपनी ने उस पर लगाए गए आरोपों का खंडन किया है, लेकिन ऐसे लोग सामने आए हैं, जिन्होंने कहा है कि कंपनी ने उन्हें धोखा दिया गया। पहले सोशल मीडिया और कंज्यूमर वेबसाइटों पर कंपनी के खिलाफ शिकायतें आ रही थीं। अब समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बायजूयस के 22 ग्राहकों से बात कर एक रिपोर्ट पेश की है। उन ग्राहकों में से अधिकतर कम आय वाले परिवार के लोग हैं। उनका आरोप है कि कंपनी के सेल्स विभाग के लोगों ने बहुत आक्रामक अभियान चला कर उन्हें कोर्स खरीदने को मजबूर किया। वे धन बटोर ले गए। लेकिन जो वादा किया था, वह पूरा नहीं किया गया। उन लोगों का इल्जाम है कि कंपनी के सेल्समेन ने उनकी अपने बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराने की इच्छा का फायदा उठाया। इन आरोपों पर बायजूयस ने कहा है– हमने कभी अपने सेल्सपर्सन और मैनेजर्स कभी को ऐसे लोगों से बात करने को नहीं कहा, जो हमारे उत्पादों को खरीद नहीं सकते या खरीदना नहीं चाहते। जबकि सेल्समेन ने मीडिया को बताया है कि उन पर हमेशा टारगेट पूरा करने का दबाव रहता था। जाहिर है, ऐसी समस्याओं का मौजूदा माहौल में कोई कानूनी समाध ान उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद सरकार से यह मांग जरूर की जा सकती है कि वह शिक्षा को व्यापार बनाने की तेजी से बढ़ी प्रवृत्ति के खिलाफ पहल करे। हालांकि भारत में हाल के दशकों में सरकारें जिस फिलॉसफी से चल रही हैं, उसके बीच ऐसा होने की संभावना कम ही है।

## क्षेत्रीय पार्टियों पर राहुल का निशाना क्यों?



यह हैरान करने वाली बात है कि राहुल गांधी ने एक बार फिर क्षेत्रीय पार्टियों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा है किसी भी क्षेत्रीय पार्टी के पास राष्ट्रीय दृष्टि नहीं है, वे एक समुदाय या राज्य की दृष्टि का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, लेकिन देश का नहीं। विपक्ष की ओर से कांग्रेस को राष्ट्रीय दृष्टि और विचार का एकमात्र प्रतिनिधि बताने के लिए उन्होंने विपक्ष को निशाना बनाया। कुछ दिन पहले भी उन्होंने यह बात कही थी। तब कई क्षेत्रीय पार्टियों ने इस पर आपत्ति जताई थी। लेकिन दूसरी बार में सब चुप रहे हैं। इससे लगता है कि उन्होंने इस बात को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं समझी। असल में ऐसी बातों से राहुल राजनीतिक विचारधारा के धरातल पर अपनी बातों की गंभीरता खोते जा रहे हैं। क्या उनको अंदाजा है कि राज्यों की दृष्टि क्या होती है और वह राष्ट्रीय दृष्टि से कैसे भिन्न होती है? राष्ट्रीय दृष्टि क्या राज्यों की दृष्टि से ही मिल कर नहीं बनती है? राज्यों के नागरिक क्या राष्ट्र के नागरिक नहीं होते हैं? क्या उनको अंदाजा नहीं है कि राष्ट्र की बहस में पडने से कांग्रेस को क्या नुकसान हो सकता है? असल में हर नागरिक भारत राष्ट्र राज्य का नागरिक है, हर राज्य राष्ट्र का हिस्सा है और हर क्षेत्रीय पार्टी राष्ट्रीय दृष्टि का प्रतिनिधित्व करती है। अगर राहुल गांधी और कांग्रेस आदिवासी को इस देश का मालिक बता रही है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूरी राजनीति इसी की है। वह भी आदिवासी को जल, जंगल, जमीन का मालिक मान कर उसके अधिकार की लड़ाई लड़ती है। कांग्रेस से बेहतर तरीके से दूसरी क्षेत्रीय पार्टियां पिछड़ों और दलितों की लड़ाई लड़ती हैं। सीमावर्ती राज्यों को राज्य के साथ साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी अलर्ट रहना होता है। जहां तक भाजपा से लडने की बात है तो ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस के मुकाबले बेहतर लड़ाई लड़ रही हैं, भाजपा को चुनौती दे रही हैं और उसे हरा भी रही हैं। कांग्रेस की खुद की राजनीति इन क्षेत्रीय पार्टियों के सहारे चल रही है। इसलिए उन्हें इस बारे में सोच समझ कर बोलना चाहिए।

## आत्महत्या : अति महत्त्वाकांक्षा की परिणति

**जरूरी है कि बच्चों को कोई स्किल सीखने के लिए प्रेरित किया जाए जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यद्यपि नई शिक्षा नीति में इन विषयों को समाहित किया गया है परंतु समय ही बताएगा कि यह नीति कसौटी पर कितनी खरी उतरती है। कोटा में आत्महत्याओं से हमें सबक अवश्य सीखना होगा कि आखिर, हम कैसे भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं। युवा ही देश की विरासत को बढ़ाने और...**

डॉ. सुरजीत सिंह गांधी

हाल में राजस्थान के कोटा शहर में तीन छात्रों द्वारा की गई आत्महत्या समाज के समक्ष अनेक यक्ष प्रश्न खड़े करती है, जिनके उत्तर आज तलाशने ही होगे।

अपने जीवन लीला समाप्त करने वाले तीनों छात्र कोटा में इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी करने के लिए आए थे। लगभग 3800 करोड़ रुपये का कोचिंग व्यवसाय संचालित करने वाला यह शहर भविष्य के सुनहरे सपनों को बेचता है। प्रतियोगिता की दौड़ में मानसिक दबाव को न झेल पाने वाले छात्र आत्महत्या के मार्ग को चुनने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

नेशनल क्राइम ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार देश में औसतन दस हजार बच्चे प्रति वर्ष आत्महत्या करते हैं। बच्चों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या के आंकड़ों से स्पष्ट है कि इसको रोकने के प्रयास कागजों पर ही हो रहे हैं। अभिभावकों, अध्यापकों, कोचिंग संस्थाओं, समाज आदि को मिलकर सोचना होगा कि बच्चों की आत्महत्याओं को कैसे रोका जाए। प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस बनाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने के लिए तैयार है।

बच्चों के कोमल कंधों पर अभिभावक अपनी महत्त्वाकांक्षाओं और कुंठाओं का इतना अधिक बोझ डाल देते हैं कि बच्चे अपने सपनों को ही छोड़ देते हैं। कोचिंग संस्थाएं भी मानसिक दबाव पैदा करने में कसर नहीं छोड़तीं। मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईटी, एमबीए, आईएएस आदि कोचिंग संस्थान अपने आप को इस प्रकार ग्लैमराइज करते हैं कि जीवन में हासिल करने लायक बस यही एक उद्देश्य है।

सफल छात्रों को इस प्रकार से हीरो बना कर पेश किया जाता है कि तैयारी करने वाला छात्र आसानी से इनके जाल में फंसता जाता है। कोचिंग संस्थानों के एक–एक बैच में 500 से 600 छात्र होते हैं। बच्चों की योग्यता के आधार पर उनको अलग–अलग बैठाया जाता है। आगे निकलने की होड़ में छात्र स्वयं को अकेला महसूस करने लगते हैं, डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। जब स्वयं को असहाय पाते हैं, तो आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाता है।

2019 में आत्महत्या करने वाले 1557 छात्र 18 वर्ष से कम उम्र के थे। इनमें से 30 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने परीक्षा में असफल रहने पर आत्महत्या की थी। मेडिकल और इंजीनियरिंग की सीमित सीटों के कारण प्रतियोगिता में सफल होने का दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है। 2022 में जेईई मेंस में करीब 10 लाख लोगों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से केवल 40,172 उत्तीर्ण हुए अर्थात उत्तीर्ण होने की दर मात्र 4 प्रतिशत है। आईआईटी की 16,000 सीटों के सापेक्ष उत्तीर्ण होने की दर मात्र 1.6 प्रतिशत थी। नीट में 17 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में बैठे थे जिसमें यह दर 5 प्रतिशत रही। आईएएस की लगभग 1000 सीटों के लिए लगभग 6 से 7 लाख लोग परीक्षा देते हैं। सरकारी नौकरी के प्रति आकषर्ण के कारण युवा अपने जीवन के उत्पादक वर्ष इन कोचिंग संस्थानों में ही बिता देते हैं। हमें समझना होगा कि जीवन प्रतियोगिता नहीं है, और न ही हम मशीनों का निर्माण कर रहे हैं।

समाज में लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि बच्चों को मेहनती, समझदार और अच्छे इंसान बनने के लिए प्रेरित करे जिससे कि वे जीवन में सफल हो सकें। जीवन के संघर्ष में अंक तालिकाएं काम नहीं आतीं, बल्कि बच्चे को व्यावहारिक ज्ञान ही दिशा दिखाता है। इस परिवर्तन की शुरुआत अभिभावकों को करनी होगी। समझना होगा कि प्रतियोगिता में सफलता ही जीवन का मापदंड नहीं है।

प्रत्येक बच्चे की प्रकृति अलग होती है, स्वभाव और मानसिक स्तर अलग होता है। प्रत्येक स्कूल और कोचिंग संस्थान के लिए काउंसलर और मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति को अनिवार्य किया जाना चाहिए। तनाव एवं दबाव प्रबंधन से संबंधित कक्षाओं के संचालन को बढ़ावा देने हेतु इसे सीबीएसई के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। 13 से 19 वर्ष तक के बच्चों को, जब वे भावनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे होते हैं, के मानसिक स्तर पर विषेश ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस उम्र में मां–बाप, अध्यापक, कोचिंग संस्थान, समाज आदि की असंवेदनशीलता बच्चों में गुस्सा, चिड़चिड़ापन और विद्रोह भर देती है जिससे बच्चा अपने केंद्र बिंदु से ही दूर हो जाता है। शिक्षा व्यवस्था भी इस प्रकार की होनी चाहिए कि छात्र जिज्ञासु बनें न कि मानसिक दबाव महसूस करें।

जरूरी है कि बच्चों को कोई स्किल सीखने के लिए प्रेरित किया जाए जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यद्यपि नई शिक्षा नीति में इन विषयों को समाहित किया गया है परंतु समय ही बताएगा कि यह नीति कसौटी पर कितनी खरी उतरती है। कोटा में आत्महत्याओं से हमें सबक अवश्य सीखना होगा कि आखिर, हम कैसे भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं। युवा ही देश की विरासत को बढ़ाने और विकास को आकार देने में सक्षम हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों को मिलकर इस दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे।

## कांग्रेस को आप से भी पार पाना होगा

**जाहिर है, गुजरात विधानसभा चुनावों के बाद राष्ट्रीय दल की मान्यता पा चुकी आप अब मोदी को और भी आक्रामक चुनौती देते हुए अन्य राज्यों में भी कांग्रेस का विकल्प बनने की कोशिश करेगी ताकि विपक्षी एकता का केंद्र वह स्वयं बन पाए। आप इस बात से भी उत्साहित है कि उसके पास अरविंद केजरीवाल हैं, जिनके नाम और चेहरे पर दिल्ली के बाहर अन्य राज्यों में भी वोट मिल जाते हैं। ऐसे में जबकि...**

राज कुमार सिंह

सत्ता तो थी ही नहीं, पर आम आदमी पार्टी ने एक और राज्य में कांग्रेस के पैरों तले से जमीन छीन ली। बात गुजरात की हो रही है, जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। पाटीदार आंदोलन के साये में हुए उन चुनावों में 182 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा 99 सीटों पर सिमट गई थी और कांग्रेस 77 सीटें जीतने में सफल रही थी। कई राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना था कि अगर कांग्रेस ने समय से चुनावी बिसात बिछाई होती तो शायद भाजपा को उसके महानायक नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य में ही मात देने का करिश्मा कर पाती। पर अब हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा जिस तरह 27 साल बाद भी सत्ता बरकरार रखते हुए 156 सीटें जीतने का इतिहास रचने में सफल रही है, उससे तो कांग्रेस की राजनीतिक सोच और चुनावी समझ पर ही सवालिया निशान लग गया है।

मुफ्त–रेवडियों की राजनीति में माहिर आप को 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में एक प्रतिशत मत भी नहीं मिले थे। उसके बावजूद वह वहां स्थानीय चुनावों समेत हर संभव मौके पर हाथ–पैर मारती रही, लेकिन भाजपा से मात्र 22 सीटें पीछे रह गई कांग्रेस पिछले पांच साल में जमीन पर कहीं नजर नहीं आई। कांग्रेस की राजनीतिक निष्क्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले विधानसभा चुनावों में अल्पेश ठाकुर, हार्दिक पटेल और जिग्नेश मेवानी की जिस युवा तिकड़ी की बदौलत वह भाजपा को जबर्दस्त चुनौती देने में सफल रही थी, उसके पहले दो चेहरे इस चुनाव में भाजपा के पाले में खड़े नजर आए। हार्दिक पटेल को तो कांग्रेस ने प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया था।

बेशक, आप किसी को बंधक बना कर नहीं रख सकते। राजनेता भी समय और सुविधा के अनुसार पाला बदलते ही हैं। आखिर, गोवा में शपथ पत्र भरने के बावजूद कांग्रेस के आठ विधायक चुनाव के कुछ महीने बाद पाला बदल ही गए। इसलिए असल सवाल समय और राजनीति की नब्ज पर कांग्रेस की पकड़ का है। हार्दिक तो चुनाव से कुछ पहले ही गए, पर अल्पेश तो बहुत पहले चले गए थे। न भी जाते तो पिछले चुनाव में बहुमत से मात्र 15 सीटें पीछे रह गए दल को अगले चुनाव के लिए जैसी मेहनत और तैयारी करनी चाहिए थी, वह करती कांग्रेस कभी नजर नहीं आई। गुजरात कांग्रेस में मची भगदड़ का यह भी एक बड़ा कारण रहा। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल को अपनी दशा–दिशा की चिंता न भी हो, पर उसके नेताओं–कार्यकर्ताओं को तो रहेगी ही। पिछले चुनाव परिणाम के मद्देनजर सामान्य राजनीतिक समझ के अनुसार भी कांग्रेस की प्राथमिकता में गुजरात सबसे ऊपर होना चाहिए था। इसलिए भी कि वह मोदी का गृह राज्य है, जहां के प्रतिकूल जनादेश का संदेश दूरगामी साबित होता, पर कांग्रेस की अगंभीरता का आलम यह रहा कि बहुप्रचारित भारत जोड़ो यात्रा तो वहां से गुजरी ही नहीं, खुद राहुल गांधी भी महज एक दिन का समय निकाल कर दो रैलियां करने गए। उसके विपरीत आप ने न सिर्फ स्थानीय सामाजिक समीकरणों को समझ कर बिसात बिछाई और कांग्रेस के आदिवासी मतों में सेंध लगाने में सफल रही, बल्कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया समेत उसके पास उपलब्ध तमाम दिग्गज वहां प्रचार करते भी नजर आए। संभव है कि आप मीडिया का ज्यादा आकषर्ण पा गई हो, पर जो जमीन पर दिखेगा, उसे ही दिखाया जाएगा। मीडिया कवरेज दे सकता, पर वोट नहीं दिलवा सकता–इस वास्तविकता से मुंह चुराना राजनीतिक परिपक्वता तो हरगिज नहीं।

गुजरात में अपने शर्मनाक प्रदशर्न के लिए कांग्रेस केजरीवाल की आप और असदूद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम द्वारा वोट काटे जाने को जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर भाजपा की मदद का आरोप लगा रही है, पर यह अर्धसत्य ही है। एआईएमआईएम 13 सीटों पर लडने के बावजूद खाता नहीं खोल पाई। उसका मत प्रतिशत भी ऐसा नहीं रहा कि हार–जीत में निर्णायक भूमिका निभा सके। हां, आप अवश्य 13 प्रतिशत मत हासिल करते हुए पांच सीटें जीतने में सफल रही। स्वाभाविक ही आप और एआईएमआईएम को मिले मत भाजपा विरोधी मतों का हिस्सा रहे होंगे। यह भी कि अगर ये दोनों दल चुनाव मैदान में नहीं होते तो कांग्रेस की ऐसी दुर्गति नहीं होती, पर तब भी भाजपा सत्ता से बेदखल तो हरगिज नहीं हो जाती। भाजपा को हराने के लिए तो पहले कांग्रेस को कमर कसनी थी, जो उसने नहीं कसी–कारण जो भी रहे हों। कांग्रेस की यह सोच स्वयं में अलोकतांत्रिक है कि भाजपा विरोधी मतों में बंटबारा रोकने की खातिर अन्य दलों को चुनाव मैदान में नहीं उतरना चाहिए। अगर ऐसा है तो फिर कांग्रेस पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में चुनाव क्यों लड़ती है? महागठबंधन का अंग होते हुए भी बिहार में उसके हैसियत से ज्यादा सीटों पर विधानसभा चुनाव लडने का परिणाम क्या निकला था? यह भी कि हालिया दिल्ली नगर निगम चुनाव लड़ कर कांग्रेस ने अंततरू किसे फायदा पहुंचाया? जाहिर है, भारत में बहुदलीय लोकतंत्र है। सभी राजनीतिक दलों ही नहीं, निर्दलियों को भी चुनाव लडने का अधि ाकार है। नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता विरोध ी मतों में ऐसे ही बंटबारे की बदौलत भी कांग्रेस दशकों तक देश और प्रदेशों में सत्ता पर काबिज रही।

दरअसल, कांग्रेस दीवार पर लिखी इस स्पष्ट इबारत को भी नहीं पढना चाहती कि देश की राजनीति में वह अब हाशिये पर जा चुकी है। हिमाचल प्रदेश में सत्ता छीन लेने के बावजूद यही वास्तविकता है कि कांग्रेस अकेले दम भाजपा को नहीं हरा सकती। हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ही ऐसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस–भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। कर्नाटक में भी कांग्रेस को जेडी एस से गठबंधन की दरकार होगी। ऐसे में भाजपा विरोधी मतों का बंटबारा रोकने के लिए विपक्षी एकजुटता की पहल उसकी मजबूरी है, लेकिन दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस से सत्ता छीनने के बाद गुजरात में भी उसके पैरों तले से जमीन




# एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पाटों पर डिस्प्ले बोर्ड लगवाये जायें, जिससे आने व जाने वाले को लोगों जानकारी मिल सके। जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में भी डिस्प्ले बोर्ड लगवाये जायें। उन्होंने अभी तक की गयी कार्यवाहियों की स्थिति की जानकारी करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी देते हुये उन्हें जागरूक किया जाये। साथ ही स्कूल वाहनों के फिटनेस की स्थिति जानी एवं निर्देश दिये कि अनफिटनेस वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी की जाये। उन्होंने कहा कि हेलमेट न लगाना, चार पाहिया वाहनों में शीट बेल्ट न लगाना, मोबाइल पर बात करते हुये वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाने वाले ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंगों पर रोक लगायी जाये तथा जहां पार्किंग स्थल न हो वहां पर बोर्ड लगवाये जायें ताकि कोई वाहन खड़ा न हो सके। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि अवैध कटों को बन्द किया जाये, अवैध कटों को खोलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि गन्ना ढोने वाले बड़े वाहनों एवं ट्रैक्टर ट्रालियों पर लाल पट्टी व सफेद पट्टी लगायी जाये। जिससे कोहरे के समय दुर्घटना न होने पाये, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय जो व्यक्ति अस्पताल पहुंचे उसका तत्काल उपचार कराया जाये और सूचना मिलने पर एम्बुलेंस की व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाये। ताकि दुर्घटना से ग्रसित व्यक्ति को समय से उपचार दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकारी व गैर सरकारी वाहन चालकों के लिये कैम्प लगवाया जाये। ताकि उनकी ऑखों की जांच कैम्पों के माध्यम से की जाये। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पम्पों पर भी यातायात से संबंधित सुनहरें नियम प्रदर्शित किये जायें तथा लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी जाये तथा स्कूल व विद्यालय के बच्चों को भी सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी देते हुये उन्हें जागरूक किया जाये तथा विभिन्न प्रकार के सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कराये जायें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जहां पर पेड़ों की वजह से गाड़ियां निकलने में बाधा उत्पन्न हो रही है। उसका सर्वे कराकर पेड़ों की कटाई–छटाई करवायी जाये। इस अवसर पर ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि ए0आर0टी0ओ0 आफिस में 47 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाये गये हैं। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा0 राजीव दीक्षित, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में भी प्रशासन ने नहीं जलवाये अलाव

मिश्रिख (सीतापुर)। बीते दो दिनों से कोहरा और कड़ाके की ठंड बढ़ गई है। परन्तु कस्बा मिश्रित में अभी तक प्रशासन की ओर कहीं भी अलाव नहीं जलवाए जा सकें है। यहां पर आने वाले सैलानियों व राहगीरों को ठिठुरन भरी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा मिश्रित में तहसील प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से नगर के तहसील चौराहा, मछरेहटा चौराहा, परसौली चौराहा, धर्मशाला चौराहा, नहर चौराहा, स्टेशन रोड आदि सार्वजनिक जगहों पर सुबह, शायं अलाव की व्यवस्था कराई जाती थी। जिससे तहसील में आने वाले वादकारियों और रांहगीरों को अलाव तापने से कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिल जाती थी। परंतु इस बार नगर के किसी भी प्वाइंट पर तहसील प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं कराई गई है। जबकि कस्बा मिश्रित हमेशा से त्याग और तपस्या का केंद्र बिन्दु रहा है। यहां पर स्थित महर्षि दधीचि आश्रम के महादानी महर्षि दधीचि ने लोक कल्याण हेतु देवताओं को अपनी अस्थियों तक का दान दे दिया था। जिससे देव दर्शन करने हेतु यहां सैकड़ों यात्री भी आते हैं।

मेला मैदान में निर्मित रैन बसेरे में लगा रहता तालाः मिश्रिख (सीतापुर)। कस्बा मिश्रिख के मेला मैदान में निर्मित रैन बसेरे में हमेशा ताला बंद रहता है। जबकि प्रत्येक वर्ष ठंड के मौशम में गरीब, असहांय एवं यात्रियों के ठंड से बचाव हेतु नगर पालिका प्रशासन व्दारा रैन बसेरे के कमरों में गद्दा, कम्बल की व्यवस्था कराकर ठंड से बचाव की व्यवस्था कराई जाती थी। परन्तु इस बार तहसील प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन व्दारा अभी तक कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है। रैन बसेरे के अंदर व बाहर दोनों गोटों में ताला बंद चल रहा है।

## प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

सिधौली (सीतापुर)। झारखंड के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल बनाये जाने की केंद्र सरकार से मांग के विरोध में जैन समाज के दर्जनों लोगों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जैन समाज के लोगों का कहना है कि झारखंड के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मेदशिखर को पर्यटन स्थल बनाये जाने की शिफारिस की गई है। जिसका जैन समाज मुखर विरोध करता है। राजकुमार जैन ने कहा सम्मेदशिखर हमारे जैन समाज का काफी महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। 24 में से 20 तीर्थंकरों ने इसी स्थान से हो मोक्ष को प्राप्त किया है। पर्यटन स्थल बनाये जाने से यहाँ पर अराजकता फैलेगी। आने वाले पर्यटक मांस मदिरा का सेवन करेंगे। जो जैन समाज की भावनाओं पर कुठाराघात होगा। यहां लोग पवित्र मन से नहीं बल्कि घूमने टहलने आएंगे। जैन समाज इसका विरोध करता है। ज्ञापन के पूर्व मोहल्ला गोविंद नगर स्थित जैन मंदिर में समाज के महिलाओं व पुरुषों की बैठक की गई। इस अवसर पर संजय जैन, अभय कुमार जैन, हिमांशु जैन, पंकज जैन, दीपक जैन, विवेक जैन, विशाल जैन, पुष्पा जैन, कुसुम जैन, शर्मिला जैन, स्नेह जैन सहित जैन समाज के सभी लोग मौजूद रहे।

# जेल गए तकनीकी सहायक पर कार्यवाही के लिए बीडीओ ने डीसी मनरेगा को लिखा पत्र

## तकनीकी सहायकों को न्याय पंचायत आवंटन के मामले में चर्चा में रहे हैं डीसी मनरेगा

सकरन (सीतापुर)। विकासखंड सकरन में ब्लॉक तकनीकी सहायक के द्वारा लगातार अनुपस्थिति रहने के बाद जेल भेजे जाने की सूचना पर खंड विकास अधिकारी सकरन के द्वारा डीसी मनरेगा को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। वहीं विभागीय कार्यों में उदासीनता करते हुए डीसी मनरेगा के द्वारा प्रकरण में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। खंड विकास अधिकारी सकरन के द्वारा 8 दिसम्बर से लगातार अनुपस्थित रह रहे ब्लॉक तकनीकी सहायक प्रदीप कुमार को पत्र भेजकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया था। खंड विकास अधिकारी चंद्रभान सिंह ने बताया पत्र का स्पष्टीकरण देने के लिए संबंधित ब्लॉक तकनीकी सहायक अभी तक ब्लॉक कार्यालय पर उपस्थित नहीं हुए हैं और ना ही तो परिजनों द्वारा कोई सूचना ही दी गई है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि ब्लॉक तकनीकी सहायक प्रदीप कुमार के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 452, 504, 506, 407, 427 एवं आपराधिक कानून अधिनियम 1932 की धारा 7 के अंतर्गत थाना इंदिरा नगर जनपद लखनऊ में 8 दिसम्बर को मुकदमा दर्ज होने के पश्चात ब्लॉक तकनीकी सहायक प्रदीप कुमार को जेल भेजा जा चुका है। खंड विकास अधिकारी सकरन की ओर से डीसी मनरेगा को पत्र भेजकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए सकरन में आवंटित न्याय पंचायतों को मनरेगा संबंधित तकनीकी कार्यों को संपादित करने हेतु किसी अन्य तकनीकी सहायक को नामित करने की बात कही गई है। जिससे तकनीकी कार्यों को संपादित किया जा सके। लेकिन हैरत की बात यह है की गंभीर प्रकरण को लेकर पत्र मिलने के बाद भी डीसी मनरेगा कि लचर कार्यशैली से संबंधित व्यक्ति पर न तो कोई कार्यवाही की गई है और ना ही तो ग्राम पंचायतों में तकनीकी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए किसी अन्य तकनीकी सहायक को नामित किया गया है। कुछ भी हो एक बार फिर डीसी मनरेगा की कार्यशैली अपने चहेते को बचाने के लिए चर्चा में है। मामले को लेकर डीसी मनरेगा सुशील श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया खंड विकास अधिकारी की ओर से पत्र मिला है। जिस पर संबंधित तकनीकी सहायक को नोटिस भेजी गई है। वही तकनीकी कार्यों को संपादित करने के लिए अन्य तकनीकी सहायक को नामित किया जाएगा। वहीं मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने बताया कि प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं था। डीसी मनरेगा से वार्ता कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नवागॉव लालपुर घाट पर पुलिस गस्त लगाने की मांग

कमलापुर (सीतापुर)। बढ़ते कोहरे और ठण्ड को देखते हुए गावों में चोरियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी सम्बन्ध में नवागांव ग्राम पंचायत की महिला प्रधान जनक कुमारी सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी सिधौली यादवेंद्र से मिलकर नवागांव लालपुर घाट पर गश्त लगाए जाने की मांग की। प्रधान ने बताया सर्दियों के मौसम में जब घना कोहरा पड़ता है। तब नवागांव में चोरियां बढ़ जाती हैं। नवागांव कमलापुर थाने का सराय नदी के किनारे बसा सीमावर्ती गांव है। गांव के पश्चिम दिशा से सराय नदी निकली है। जिस पर पुल बना है दूसरी तरफ मछरेहटा थाना लगता है। नदी और गांव के बीच में जमीन ऊंची नीची व जंगल झाड़ियों युक्त है जिसका फायदा चोर उठा लेते हैं। उन्होंने बताया पिछले कई वर्षों का अनुभव है कि सर्दियों के मौसम में जब घना कोहरा पड़ने लगता है उस समय गांव में चोरियां बढ़ जाती हैं। प्रधान जनक कुमारी सिंह ने बताया कि सीओ सिधौली यादवेंद्र ने समस्या को ध्यान से सुना और उन्होंने नवागांव लालपुर घाट पर पुलिस गस्त हेतु थानाध्यक्ष कमलापुर को पत्र लिखकर समस्या से निजात दिलाने का आस्वासन दिया।

## व्यापारी हितों के लिए सदैव रहेंगे संघर्षरत : बृजेश शुक्ला

मीरजापुर। नगर के एक होटल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन मीरजापुर की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री व संगठन के प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यापारियों के हित के लिए सदैव तत्पर होने के साथ ही संघर्षशील भी रहेंगे उन्होंने कहा कि व्यापारियों के मान सम्मान के लिए वह संघर्ष करने के साथ–साथ व्यापारियों के उत्थान के लिए भी संगठन के माध्यम से दृढ़ संकल्पित हैं। कहा व्यापारी समाज का एक मजबूत कड़ी होता है। इस मौके पर उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह व्यापारी हित के लिए कार्य करने के साथ–साथ समाज के सामाजिक कार्यों में भी सहभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुमित गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अनुराग सोनी के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन का विस्तार किया गया। जिसमे आशुतोष पाण्डेय को जिला उपाध्यक्ष, दिनेश गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, संदीप सिंह स्वराज को जिला मंत्री, अखिलेश गुप्ता को जिला मंत्री, दिलीप सेठ को जिला मीडिया प्रभारी, अदित्य गुप्ता को नगर महामंत्री इसी के साथ ही सोनभद्र के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार उमर पूर्व चेयरमैन घोरावल को बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री राजेश विश्वकर्म, नगर अध्यक्ष अनुराग सोनी, जिला मंत्री जय प्रकाश विश्वकर्मा, जिला मंत्री गुलाब चंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी राज, नगर उपाध्यक्ष धनी राम सोनी व सोनभद्र, भदोही, वाराणसी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल ओटीपी वैरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान वितरण कराये सुनिश्चितः जिलाधिकारी

मीरजापुर। शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में मोबाइल ओटीपी वैरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान वितरण कराये जाने की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराया जाय ताकि कार्ड धारक का मोबाइल नम्बर अथवा नोडल अधिकारी के मोबाइल नम्बर का उपयोग कर लाभार्थी के पहचान की पुष्टि सुनिश्चित की जा सकें। उक्त आशय का निर्देश जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खाद्य सर्तकता समिति की बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्यान आदि का वितरण ई–मशीन द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से कराया जाय तथा उपभोक्ताओं में वितरण हेतु सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक द्वारा सत्त निगरानी भी रखी जाय। उन्होने कहा कि उक्त कार्य में शिथिलता, अनियमितता बरतने वाले उचित दर विक्रेताओं व सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में शासन के निर्देशानुसार जिला, ब्लाक और उचित दर दुकान स्तर पर सर्तकता समितियों का गठन करने पर भी चर्चा की गयी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2023 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बताया गया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पात्र गृहस्थियों के मध्यम जनपद में माह अक्टूबर 2022 हेतु अन्त्योदय योजना के 69665, राशन कार्ड प्रचलित हैं जिसके सापेक्ष गेहूं 975.310 मीट्रिक टन, चावल 1462.965 मीट्रिक टन तथा कुल पात्र गृस्हथी कार्ड संख्या 384755 कार्डो के कुल यूनिट 1685033 के सापेक्ष गेहूं 3370.066 मीट्रिक टन व चावल 5055.099 मीट्रिक टन प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष वितरण सम्बन्धित कार्ड धारको के मध्य अन्त्योदय कार्ड धारकों को 14 किलो गेहूं व 21 किलोग्राम चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारको को 02 किलोग्राम गेहूं 03 किलोग्राम चावल प्रति यूनिट गेहूं दो रूपया प्रति किलोंग्राम एवं चावल तीन रूपया प्रतिकिलोंग्राम की दर से दुकानवार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जा रहा हैं। बैठक में खाद्यान वितरण व्यवस्था, सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था, आधार कार्ड फीडिंग व सीडिंग, सोशल आडिट, प्राप्त शिकायतों, आईजीआरएस, काल सेंटर, निर्देशों के निस्तारण सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन उचित दर दुकानों की नियुक्ति तथा प्रवर्तन कार्यवाही के बारे में विस्तृत समीक्षा की गयी। आधार कार्ड फीडिंग में बताया गया कि अब तक कुल कार्डो के सापेक्ष 99.95 प्रतिशत एवं कुल यूनिट के सापेक्ष 99.95 आधार कार्ड से लिंक करा दिया गया हैं। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शशिकान्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र, पूर्ति निरीक्षक लक्षिमन प्रसाद के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## पंचायत भवन की रकम निकलने के बाद भी अधूरा

बिसवां नगर (सीतापुर)। विकासखंड बिसवां की ग्राम पंचायत भीरा में पंचायत भवन के नाम पर काफी धनराशि शासन से प्राप्त की गई लेकिन मौके पर वह आज भी अधूरा बना पड़ा है। इस बारे में ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत भवन में मिट्टी पटाने के नाम पर काफी धनराशि प्राप्त की गई लेकिन मौके पर कोई कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान व सचिव अपनी मनमानी करते हुए पंचायत भवन के नाम पर काफी शासन से धनराशि प्राप्त की है। जो मौके पर कोई काम नहीं किया गया है। जो कार्य कराए गए वह भी अधूरी है। ग्रामीण लोगों ने बताया कि अगर इस पंचायत भवन में प्रधान व सचिव की जांच नहीं कराई जाएगी तो हम लोग उच्चधिकारियों को भी शिकायती पत्र देंगे। अब देखना यह है कि प्रधान व सचिव के खिलाफ कोई जांच होती है या फिर ईसी तरह मामले को रफा–दफा किया जाता। पंचायत भवन की स्थिति हाल बेहाल है प्रधान कक्ष की बात करें तो गंदगी का राज है।

## अवैध परिवहन कर रहे 8 ट्रैक्टर व दो जेसीबी को दिया गया पुलिस अभिरक्षा में

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में 20 दिसंबर 2022 को बिना खनन अनुज्ञा पत्र स्वीकृत कराये मिट्टी का अवैध खनन, परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गयी। जांच में नायब तहसीलदार, सदर एवं राजस्व टीम द्वारा ग्राम गोसाईपुरवा में 2 ट्रैक्टरों एवं एक जेसीबी मशीन को पकड़कर पुलिस चौकी– अष्टभुजा की अभिरक्षा में दिया गया तथा खान अधिकारी द्वारा एक ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस चौकी मण्डी समिति की अभिरक्षा में दिया गया। इसी प्रकार 21 दिसंबर 2022 को उपजिलाधिकारी, सदर चन्द्रभानु सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सदर, खान अधिकारी, मीरजापुर एवं नायब तहसीलदार, सदर द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के तहसील सदर स्थित थाना पड़री क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बजरी में बिना खनन अनुज्ञा पत्र स्वीकृत कराये मिट्टी का अवैध खनन कर परिवहन करने वाले 6 ट्रैक्टरों एवं 1 जेसीबी मशीन को पकड़ कर जिलाधिकारी के अग्रिम आदेशों तक थाना पड़री की अभिरक्षा में दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त बिना खनन अनुज्ञा पत्र स्वीकृत कराये मिट्टी का खनन, परिवहन करने वाले भू–स्वामियों के विरूद्ध उवप्रव उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जनपद में अवैध खनन, परिवहन, ओवर लोड पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## जनपद में कृषकों के समस्याओं के निस्तारण के लिये आयोजित किया गया किसान दिवस

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में पथरहिया स्थित विकास भवन के आडीटोरियम में जनपद के कृषको के समस्याओं के निस्तारण के लिये आयोजित किसान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। किसान दिवस में मड़िहान, लालगंज, चुनार आदि क्षेत्रो से आये कृषको के द्वारा नहरो के सिल्ट सफाई तथा नहरों में सिचाई के लिये समय से पानी छोड़ने का मुद्दा उठाया गया, कतिपय किसानों के द्वारा यह भी बताया गया कि सखौरा पम्प नहर सिल्ट सफाई के लिये एक सप्ताह पहले से ही बन्द कर दिया गया है परन्तु विभाग द्वारा न ही सिल्ट सफाई की जा रही है न ही नहर का संचालन किया जा रहा है जिससे सिचाई में दिक्कत हो रही है यह भी बताया गया कि कुछ नहरों में सफाई के बाद घास व अन्य मलबा नहर के बीच–बीच में छोड़ दिया गया हैं। उपरोक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी द्वारा सिचाई विभाग नहर प्रखण्ड के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि उठाये गये प्रकरण का मौके पर निरीक्षण कर नहरों की सफाई सुनिश्चित करायें तथा समय व रोस्टर के अनुसार नहरों में पानी छोड़ना सुनिश्चित करें। एक कृषक द्वारा यह भी बताया गया कि विद्युत वितरण खण्ड चुनार के द्वारा बगहिया पुरवा में विद्युतीकरण के लिये खम्भा काफी दिनों से खड़ा कर दिया गया है परन्तु अभी तक तार व ट्रांसफार्मर नही लगाया गया है। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत चुनार प्रखण्ड को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। धान क्रय केन्द्र पचोखरा राजगढ़ प्रथम व द्वितीय पर टोकन के अनुसार धान की खरीद न करके मनमाने ढंग से क्रय करने की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त केन्द्र के जांच डिप्टी आरएमओ से करने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि यदि शिकायत सही पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रजिस्ट्रेशन नम्बर के अनुसार किसानों का धान क्रय करना सुनिश्चित किया जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि 28 फरवरी 2023 तक धान की खरीद शासन के निर्देशानुसार किया जाना है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सभी छोट व बड़े किसानों का धान क्रय किया जाय इसके लिये सभी कृषक अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। बाढ़ सागर से जरगो में पानी छोड़ते हुयें सिचाई के लिये पानी की मांग कृषको द्वारा की गयी। शक्तिनगर वाराणसी मार्ग पर टोल प्लाजा पर स्थानीय गाड़ियों के लिये छूट के मुद्दे पर जिलाधिकारी ने कहा कि टोल प्लाजा पर गाड़ी रजिस्ट्रेशन कागज व अन्य प्रपत्र लेकर निर्धारित पास बनवाकर छूट प्राप्त किया जा सकता हैं। किसान दिवस में कुछ कृषको द्वारा बताया गया कि निजी पशुपालको द्वारा अपने पशुओं को दिन में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे वे फसल का नुकसान करते है जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित कि छुट्टा पशुओं को भले ही वह किसी निजी पशुपालन का हो पकड़कर गौशालाओं में रख दिया जाय तथा यदि कोई छुड़ाने के लिये आता है तो निर्धारित जुर्माना लगाने के बाद ही छोड़ा जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, उप निदेशक कृषि डॉ अशोक उपाध्याय, जिला कृषि अधिकारी पवन प्रजापति के अलावा सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

## मीरजापुर में एंबुलेंस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म, मददगार बने एंबुलेंस कर्मी

मीरजापुर। लोगों के जीवन को बचाने में कारगर साबित हो रहे एंबुलेंस कर्मियों की एक और मानवीय छवि देखने को मिली है। दरअसल, हुआ यह है कि पड़री थाना क्षेत्र के हुरुवा गांव निवासी बचऊ की पत्नी कंचन को प्रसव पीड़ा तीव्र हुई स्वजनों ने डायल 102 एंबुलेंस को कॉल किया, सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस से उनको जिला महिला अस्पताल मिर्जापुर ले कर जाया जा रहा था, कि इसी बीच रास्ते में कंचन को प्रसव पीड़ा तीव्र हुई तो उन्होंने बच्ची को जन्म दे दिया। एंबुलेंस के चालक दान बहादुर, एंबुलेंस में कार्यरत इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अम्बर गौरव तिवारी की सूझबूझ से जच्चा बच्चा दोनों को सुरक्षित जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिसके लिए समस्त चिकित्सालय स्टाफ ने उनके कार्य की सराहना की है। ताकि प्रसूता के परिजनों ने भी एंबुलेंस कर्मियों की मुक्त कंठ से सराहना की है।

## प्राइवेट स्कूल के बाथरूम में दिखा सीसीटीवी कैमरा, डीएम द्वारा गम्भीरता से लेते हुए कराई गई जांच

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने एक प्राइवेट स्कूल के बाथरूम में कैमरा लगे होने की प्राप्त शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी सदर एवं उप पुलिस अधीक्षक सिटी के द्वारा जांच कराया गया। टीम के जांचोपरांत पाया गया कि स्कूल के बाथरूम में कैमरा लगा हुआ पाया गया, परन्तु आपत्तिजनक स्थान पर नहीं था। फिर भी उक्त कैमरा को स्कूल प्रबंधन द्वारा हटवा कर जांच टीम को अवगत करा दिया गया। जांच टीम द्वारा स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि इसकी पुनरावृत्ति न हो।

# ट्रेलर–स्कूटी की टक्कर में छात्रा की मौत, भाई गंभीर

बरहज। क्षेत्र के कटइलवा गांव के निकट रामजानकी मार्ग पर घने कोहरे के कारण ट्रेलर और स्कूटी की आमने–सामने भिड़ंत में स्कूटी सवार 11वीं की छात्रा की मौत हो गई। वहीं, हादसे में छात्रा का छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई की स्थिति नाजुक होने पर सीएचसी से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। खोड़ा गांव निवासी गिरिजेश की तीन संतानों में आरुषि इकलौती पुत्री थी। वह बरहज के एक प्राइवेट विद्यालय में 11वीं की छात्रा थी, जबकि भानु 7वीं में पढ़ता है। लोगों के अनुसार आरुषि स्कूटी से भाई को साथ लेकर रोज की भांति स्कूल जा रही थी। घना कोहरा होने के कारण रास्ता नहीं दिखाई दे रहा था। दोनों कटइलवा गांव के निकट पहुंचे थे। इसी बीच ट्रेलर ने स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने 108 नंबर को सूचना दी। सीएचसी ले जाते समय रास्ते में आरुषि की मौत हो गई। उसकी मौत और भाई के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी होने पर घर में मातम छा गया। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि सूचना पर पुलिस गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। ट्रेलर का पता लगाया जा रहा है।

# 138 विद्यालय उपलब्ध नहीं करा रहे सूचना, बढ़ेगी मुश्किल

महराजगंज। शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेशित बच्चों की संख्या व अन्य विवरण को उपलब्ध कराने में निजी शिक्षण संस्थानों की ओर से रुचि नहीं दिखाई जा रही है। जिले के नौ ब्लॉकों के 138 विद्यालयों का विवरण अब तक बेसिक शिक्षा विभाग को नहीं मिल सका है, जिससे उनके शुल्क प्रतिपूर्ति के भुगतान का आकलन नहीं हो पा रहा है। 31 दिसंबर तक विवरण न उपलब्ध कराने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की मुश्किल बढ़ेगी। जिले में संचालित होने वाले कुल 174 निजी शिक्षण संस्थाओं ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत जहां बच्चों को प्रवेश दिया है, वहीं उन्हें बेहतर शिक्षा देने का भी कार्य कर रहे हैं। इन्हें शुल्क प्रतिपूर्ति शासन की ओर से दी जाती है ऐसे में समय से विभाग को धनराशि की मांग करनी होती है ताकि सुविधाजनक तरीके से भुगतान किया जा सके। खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से यह सूचना मांगी गई है, अभी तक मिठौरा, धानी व निचलौल के 36 विद्यालयों को छोड़कर शेष नौ ब्लॉकों की सूचना नहीं मिली है, जिससे शुल्क प्रतिपूर्ति से संबंधित धन की मांग नहीं हो पा रही है। ऐसे में जहां भविष्य में उन्हें समय से धनराशि नहीं मिल सकेगी, वहीं अगले सत्र में प्रवेश में भी समस्या आएगी। इन नौ ब्लॉकों के विद्यालयों ने नहीं दिया विवरणः जिले के जिन नौ ब्लॉकों के विद्यालयों की मान्यता व प्रवेशित बच्चों का विवरण नहीं मिला है उनमें सदर के सर्वाधिक 38, सिसवा के 19, फरेंदा के 22, परतावल के 10, पनियरा के 13, बृजमनगंज व लक्ष्मीपुर के पांच–पांच, घुघली के 12 व नौतनवां के 14 विद्यालय हैं।

# लुधियाना जा रही किशोरी को नेपाल पुलिस को सौंपा

सोनौली। भारत नेपाल सीमा सोनौली के रास्ते अर्धाखाची की रहने वाली एक किशोरी लुधियाना के रहने वाले युवक के बुलाने पर घर से भाग कर जा रही थी। जिसे सीमा पर स्वयंसेवी संगठनों ने पकड़ लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद सोनौली पुलिस की मदद से नेपाल पुलिस को सौंप दिया। बुधवार शाम सोनौली मुख्य गेट पर संस्था के लोग भारत से नेपाल आने जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। इस दौरान एक युवती ने भारतीय सीमा में प्रवेश की। संदेह होने पर उसे रोक लिया गया और पूछताछ में पता चला युवती नाबालिग है। किशोरी के परिजनों के साथ पहले लुधियाना में रहती थी। वह नेपाल अपने गांव से लुधियाना में युवक से बातचीत करती थी और उसी से मिलने वह अकेली ही लुधियाना जा रही थी। इंस्पेक्टर बेलहिया जितेंद्र श्रेष्ठ ने बताया कि किशोरी के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके आने पर किशोरी को सौंप दिया जाएगा।

# एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला 30 दिसम्बर को

कुशीनगर ।जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में साखोपार–कुशीनगर में दिनांकरू 30.12.2022 को एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के कम्पनियों के भर्ती अधिकारी उपस्थित रह कर विभिन्न पदों पर परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की कार्यवाही सम्पादित करेंगे। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक एवं आई०टी०आई उत्तीर्ण तथा 18 से 35 आयु के अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में, डी०एम०डी० इण्डिया प्रा०लि०, पिपल ट्री आनलाइन, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आर्युवेदिक प्रा०लि०, हिमालयन मैनपावर सर्विसेस, एच०डी०एफ०सी० इण्डिया प्रा०लि०, आर० आर0 इलेक्ट्रानिक मैनपावर सर्विस, सिप्ला आर्युवेदा, कॅरियर ब्राइट स्किल सोल्यूशन, प्रेरणा इनवोटिव सोल्यूशन प्रा०लि० एल०आई०सी०पडरौना, एवं एस0बी0आई0 फाईनेंन्स इत्यादि कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रतिभाग के इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल`मूंलवरंद.नच.दपब.पद पर अपने आई0डी0 पासवर्ड से लॉग इन कर सम्बन्धित कम्पनी में अपनी योग्यतानुसार आनलाईन आवेदन कर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## युवती ने की खुदकुशी, पुलिस जांच में जुटी

कुशीनगर। जनपद के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सखवनिया बुजुर्ग के टोला बगही में बुद्धवार की सुबह एक युवती ने आत्महत्या कर लिया। घर के परिजनों ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सखवनिया बुजुर्ग के टोला बगही निवासिनी शमा खातून 19बर्ष ने बुधवार की सुबह नित्य क्रिया से आने के बाद गले मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। शमा की छोटी बहन घर मे गयी तो देखा कि दुपट्टे के सहारे पाइप की कुण्डी में लटकी हुई थी। घर से बाहर आकर बच्ची ने शोर किया तो अगल बगल के लोग उसे ऊपर से नीचे उतारा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के दौरान लड़की के माता–पिता घर पर नहीं थे गांव में ही किसी काम से गए थे शोर सुनकर घर पर पहुंचे तो घटना की सुचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती अपने चार बहनो और एक भाई में सबसे बडी थी। इस संबंधा में थानाध्यक्ष कुबेरस्थान राघवेंद्र सिंह बताया कि लड़की के घरवालों की सूचना पर पुलिस गई थी लाश को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# कोहरे की मार, धीमी पड़ी ट्रेनों की रफ्तार, यात्री लाचार

देवरिया। कोहरा बढ़ते ही ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। ठंड में ट्रेनों के घंटों लेट होने से यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। .कई प्रमुख ट्रेनें विलंब से चल रहीं थीं। वहीं, एक दिसंबर से ही 13 जोड़ी ट्रेनें निरस्त चल रही हैं। वैशाली, आम्रपाली, कृषक और चौरीचौरी, अवध असम, मौर्य एक्सप्रेस दो से छह घंटे तक विलंब से चल रहीं थीं। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते लोगों को अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा। स्टेशन अधीक्षक इमामुद्दीन अंसारी ने बताया कि देवरिया सदर स्टेशन पर देर से पहुंचने वाली प्रमुख ट्रेनों में वैशाली एक्सप्रेस डाउन साढ़े तीन घंटे, आम्रपाली एक्सप्रेस डाउन दो घंटे और चौरीचौरा एक्सप्रेस अप छह घंटे लेट रहीं। कोहरे के चलते ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय में सुचारु रूप से व्यवस्था है। ये प्रमुख ट्रेनें हैं निरस्तः बरौनी–लखनऊ जनसेवा छपरा–गोरखपुर बापूधाम 15127 इंटरसिटी 15903 साप्ताहिक 15904 साप्ताहिक

ट्रेनें लेट होने से हो रही सांसतः शहर की सिंधी मिल कॉलोनी के रहने वाले एडवोकेट रमेश चंद्र मौर्य ट्रेन पकड़कर गोरखपुर जाते हैं। वह दीवानी कचहरी में प्रैक्टिस करते हैं। वह बताते हैं कि कोहरे के कारण जबसे ट्रेनें लेट होने लगी हैं तब से आने–जाने में सांसत हो गई है। कोहरा होने के कारण बस की यात्रा को वह सुरक्षित नहीं मानते। लेकिन जबसे ट्रेनें लेट हुईं है मजबूर उन्हें बस से आना जाना पड़ रहा है।

गोरखपुर से आने–जाने में हो रही परेशानीः गोरखपुर के रहने वाले प्रधानाध्यापक संतोष तिवारी जनपद के मूड़ाडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। वह बताते हैं कि गोरखपुर से प्रतिदिन ट्रेन से यात्रा करके देवरिया आते हैं। जब वह रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने पहुंचे तो गाड़ियां देरी से चल रहीं थीं। ऐसे में वह बस पकड़ने को मजबूर थे।

बसें नहीं होने से यात्री परेशान

देवरिया। जिला मुख्यालय से अन्य शहरों जैसे गोरखपुर आदि के लिए शाम के समय बस पकड़ने वालों को भारी दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। दरअसल, शाम के समय यहां से साधारण बसें नहीं चलती हैं। रात सवा आठ और नौ बजे के करीब दो जनरथ बसें यात्रियों को उनके गन्तव्य तक पहुंचाती हैं। लेकिन रात को दोनों ही बसें यहां नहीं आईं।

रोडवेज के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी ने जानकारी दी कि रात में यहां से जनरथ की दो बसें चलती हैं। एक अवध डिपो की, दूसरी विकास नगर डिपो की, लेकिन कोहरे के कारण दोनों बसें यहां नहीं पहुंची। यहां से रात में जाने वाली साधारण बसें कम हैं।

# किसानों की समस्याएं निपटाएं : सीडीओ

देवरिया। किसान दिवस का आयोजन विकास भवन के गांधी सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता से किया जाएगा। सीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिन किसानों का भूलेख अंकन छूट गया है। वह अपने क्षेत्र के लेखपाल से संपर्क कर भूलेख अंकन करा लें। जिन कृषकों का अभी तक ई केवाईसी नहीं हुआ है वे भी ई केवाईसी जरूर करा लें, ऐसा न होने पर उनका पीएम–किसान का रुपये नहीं आएगा। एग्रीकल्चर इंफास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) के बारे में बताया कि इसके तहत फ्लोर मिल, राइस मिल आदि उद्यम पर ऋण लेकर कार्य करने के लिए तीन प्रतिशत राज्य सरकार एवं तीन प्रतिशत केंद्र सरकार का छूट ब्याज पर प्रदान की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी मुजम्मिल ने उर्वरक की जानकारी दी। बताया कि इस समय जनपद की सभी पीसीएफ, साधन सहकारी समितियों पर यूरिया भेजा जा रहा है। साथ ही जनपद में उर्वरकों की गुणवत्ता के लिए सभी दुकानों पर छापामारा जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी सीताराम यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप स्प्रिंकलर पर 65 से 75 प्रतिशत का अनुदान है। आरकेवीवाई योजना में बागवानी (आम, अमरूद, केला एवं पपीता) की खेती पर 50 प्रतिशत का अनुदान है। इसके अलावा शाक–भाजी की खेती पर 40 प्रतिशत का अनुदान देय है। साथ ही बताया कि विभाग में मिनी ट्रैक्टर एवं पावर टिलर पर 50 प्रतिशत का अनुदान देय है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आनंद शुक्ल ने बताया कि समय से पशुओं का टीका लगवाने से मृत्युदर कम होती है। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष में गन्ना के भुगतान की 40 लाख रुपये बकाया धनराशि का भुगतान एक सप्ताह के अंदर करा दिया जाएगा। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी रतन शंकर ओझा, डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी, कौशलेश नाथ मिश्रा, बड़े शाही, अतुल मिश्रा, सदानंद यादव, मारकंडेय सिंह आदि मौजूद रहे।

# पिता के हत्या में शामिल मुख्य अभियुक्त को गोला पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोलाबाजार गोरखपुर 22 दिसम्बर।गोला थाना क्षेत्र के ग्रामसभा डेहरीभार के मौजा धौसहर निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र कालू उम्र 83 बर्ष को बुधवार की सुबह सम्पत्ति बिबाद में लाठी डंडों से पीट कर गला दबाकर हत्या कर दी गयी थी।जिसमे उनके पुत्र बधू शीला देवी द्वारा लिखित तहरीर पर गोला थाने में मृतक के छोटे पुत्र लालमन उनकी औरत विमला देवी औरउनके पुत्र संजय पर धारा 302 व 34 आई पी सी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस अभियुक्तों की खोज बीन शुरू कर दिया ।आज गुरुवार की सुबह थानाध्यक्ष अश्वनी तिवारी मय हमराही क्षेत्र में नामजद मुलजिम की तलाश में निकले थे कि दिन समय 11 बजे के लगभग गोला थाना क्षेत्र के डड़वापार चौराहे पर हत्या का मुख्य अभियुक्त लालमन दिखाई पड़ा। गोला पुलिस ने लालमन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।शेष नामजद दो मुल्जिमो को गिरफ्तार करने के लिए सरगर्मी से तलाश कर रही है।



# उर्वरक की ओवर रेटिंग न करें विक्रेता

महराजगंज। जिले में उर्वरक के थोक व फुटकर विक्रेता किसी भी दशा में उर्वरक की ओवर रेटिंग न करें। ऐसा पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के कर्मी भी समय–समय पर ओवर रेटिंग की जांच करें। ये निर्देश जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उर्वरक समिति की बैठक में दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। उर्वरक के साथ किसी अन्य सामान लेने को बाध्य न किया जाए। उन्होंने कहा कि दुकानदार किसानों को सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में बताएं, मगर उसे खरीदने के लिए बाध्य न करें।

यह भी कहा कि पीओएस मशीन पर एंट्री के बाद किसी सूरत में उर्वरक की दुकान में उपलब्धता को तस्करी की श्रेणी में मानते हुए कार्रवाई होगी। जिला कृषि अधिकारी किसानों को सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का कार्य करें। जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने जिले में उपलब्ध उर्वरक की जानकारी दी। इस दौरान सहायक निबंधक सहकारिता सवींद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। ठंड को देखते हुए रोगियों को उपलब्ध कराएं कंबलः जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ठंड को ध्यान में रखते हुए रोगियों को कंबल उपलब्ध कराया जाए। जिला अस्पताल में गीजर लगवाया जाए। कैंटीन की नीलामी जल्द से जल्द तय मानकों के मुताबिक की जाए। जन औषधि केंद्र के विरुद्ध मिल रही शिकायत के दृष्टिगत उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि वे नियमानुसार औषधि वितरण कराने पर जोर दें। चिकित्सक भी अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। इस दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एके द्विवेदी, डॉ. एवी त्रिपाठी, सूचनाधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

# पंचायतो भवनों के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध होना जरूरी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर।जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास





अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थित में जनपद के अवशेष पंचायतो भवनों के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराये जाने के संबध में समीक्षा बैठक डीपीआरसी सभागार (विकास भवन) में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ग्राम पंचायत सचिव से पंचायतो भवनों के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराये जाने के संबध में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि जहां पर पंचायत भवन के निर्माण हेतु भूमि न मिल पा रही हो वहां पर लेखपाल,तहसीलदार से मिलकर भूमि चिन्हित कराये।भूमि चिन्हित कराकर शीघ्र ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से पंचायत भवन का निर्माण कराये। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, संबधित ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल आदि उपस्थित थे।

# सुबह कोहरे ने कंपाया, दोपहर में धूप से राहत

महराजगंज। घना कोहरा पड़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सबसे अधिक दिक्कत लोगों को आवागमन में हो रही है। दृश्यता कम होने की वजह से सड़क पर वाहन रेंगकर चल रहे हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं। बुधवार सुबह घने कोहरे ने लोगों को कंपाया तो दोपहर बाद धूप निकलने से ठंड से राहत मिली।

सुबह घना कोहरा छाने से बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है। स्कूली बसें भी अपने स्टाप पर देरी से पहुंच रही हैं। हालांकि दोपहर में धूप निकलने से ठंड से राहत मिली। जिले में प्रदूषण का स्तर भी सामान्य से ऊपर मध्यम है। जिले में सुबह कोहरे का असर ज्यादा देर तक रहा। नौ बजे के बाद कोहरा कम होने लगा। दोपहर बाद धूप निकली। इस बीच कोहरे के कारण वाहन रेंगते रहे। सरोजनी नगर के वीरेंद्र ने बताया कि कोहरा होने के कारण स्कूल बस देर से आई, जिससे बच्चों को देर तक इंतजार करना पड़ा। शास्त्री नगर यूनियन बैंक के पास बच्चों को छोड़ने आई संगीता देवी ने बताया कि कोहरे के कारण थोड़ी समस्या हुई। स्कूल बस देरी से स्टाप पर पहुंची। नरकटियागंज रेल प्रखंड पर दो ट्रेनें निरस्तः जिले में कोहरे के कारण ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। यात्रियों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही हैं। पैसेंजर ट्रेन ही नहीं, एक्सप्रेस भी देर हो रहीं हैं। कोहरे के कारण नरकटियागंज रेल प्रखंड पर दो पैसेंजर ट्रेनें निरस्त हुईं हैं। नौतनवां स्टेशन अधीक्षक जफरे आलम ने बताया कि तीन दिसंबर से नौतनवां से नकहा तक जाने वाली सवारी गाड़ी निरस्त कर दी गई है। इंटरसीटी बीते 19 दिसंबर से निरस्त है। घुघली रेलवे स्टेशन अधीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि नरकटियागंज रेल प्रखंड पर दो ट्रेनें निरस्त हुईं हैं। गोरखपुर से नरकटियागंज जाने वाली दो पैसेंजर ट्रेन निरस्त कर दी गईं है। जननायक एक्सप्रेस औसतन दो से तीन घंटे देर से पहुंच रही है।

# नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। बढनी के औदही कला में नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षक राजाराम चौधरी तीनों दिन बच्चों को स्काउट गाइड के बारे विधवत जानकारी दिया। जिला संगठन कमिश्नर हरिश चंद्र यादव की देख रेख में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण में दौरान छात्रध्छात्राएं सम्मलित हुई। समापन कार्यक्रम के दिन मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा रहें। प्रशिक्षण में स्काउट गाइड नियम, प्रार्थना, झंडागीत, बाया हाथ मिलाना, जीवन परिचय, प्राथमिक चकित्सा, आपदा प्रबंधन, खेल, नैतिक जिम्मेदारी का प्रयोग रिहर्सल, शिष्टाचार, गाँठ फास बंधन, स्कॉउट गाइड परिचय, टेंट बनाना, टावर गेट, बिना बर्तन के भोजन बनाना, हस्तकला, रंगोली, गैजेट्स संबंधित जानकारी दिया गया। बढनी के औदही कला में नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश भारत स्कॉउट गाइड प्रशिक्षण सिद्धार्थनगर अंतर्गत स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है। विधायक, निर्णायक टोली, प्रशिक्षक और अध्यापको ने विविध आयामों की टोलियों का निरीक्षण किया। विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति गीत पर मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया। विधायक ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितिरत किया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड की शिक्षा से छात्र–छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसके प्रशिक्षण से दूसरों की मदद करने की शिक्षा मिलती है। साथ ही स्काउट गाइड हमें जीवन जीने की कला भी सिखाती है। विपरीत परिस्थितियों में जीवनयापन करने की शिक्षा भी हमें स्काउट गाइड से प्राप्त होती है। अपने विधानसभा क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के लिए हर सम्भव प्रयास करता रहूंगा। प्रधानाचार्य इरशाद अहमद ने आए हुए सभी का आभार प्रकट किया और कहा मैं अपने विद्यालय के अध्यापकों की लगन से क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा और नैतिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करते हुए पढ़ाया लिखाया जाएगा। शोहरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रामदास मौर्या,अशोक अग्रहरि,विनोद कुमार यादव, आशुतोष पाण्डेय, रामसूरत यादव ने संबोधित किया। इस दौरान सहायक अध्यापक शिव कुमार, ओमप्रकाश जायसवाल, अनिल कुमार, रमेश कुमार यादव, पंकज सिंह, शिल्पी केसरवानी, सुमन देवी, चौकीदार सुरेश कुमार गौड, प्रचारक अब्दुल मतीन, प्रशिक्षक राजाराम चौधरी, प्रबन्धक राजेश कुमार शुक्ल, सहित सैकड़ो बच्चे मौजूद रहे।



# आज उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनौली/नौतनवा। आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की नगर इकाई ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें फायर की एनओसी को लेकर दुकानदार को परेशान ना करें शैंपू लिंग को लेकर के दुकानदार को परेशान किया जा रहा है नगर में बहुत सी चोरियां हो रही है उस पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए और कई बिंदुओं पर उन्होंने जीएसटी पर भी चर्चा की जिसमें साथ में महामंत्री विंध्याचल अग्रहरी मीडिया प्रभारी अमरिंदर सिंह संगठन मंत्री रवि मद्धेशिया आदि पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद थे।



# नेपाली नागरिकों के साथ सामाजिक सौहार्द बनाने में अग्रसर रहे पुलिस:एडिजी

## सीमाई क्षेत्र के सुरक्षा को लेकर गठन की गई है ग्राम सुरक्षा समिति








दैनिक बुद्ध का सन्देश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। ऑपरेशन कवच के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के प्रांगण में ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने कहा कि जनपद में सीमाई क्षेत्रों मे 437 गांव है। इन गांवों में ऑपरेशन कवच के तहत ग्राम सुरक्षा समिति का गठन कराया गया है। सीमा क्षेत्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह समिति बनाई गई है। सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों का सुरक्षा समिति गठन किया गया है। नागरिको को सूचना संकलन से जोड़ने, एसएसबी से जोड़ने, हमारे पुलिस से जोड़ने से बेहतर कार्य होगा। भारत नेपाल की खुली सीमा है, रोजाना लाखो लोगो का आवागमन होता है। ऐसे में देश विरोधी गतिविधियों को चिन्हित करने के लिये नागरिकों को आगे आना पड़ेगा। बॉर्डर के जो गांव है उसके नागरिको देश की सुरक्षा में अपनी सहभागिता दें। भारत नेपाल के रोटी बेटी के सम्बन्धो को और मजबूत करना है। इन बार्डर पर मादक पदार्थो की तस्करी मानव तस्करी भी एक बड़ी समस्सया है। इसकी भी यदि कही सम्भावना दिखती है या लग रही है तो तत्काल सूचना दीजिये, जिससे समय रहते कार्यवाही हो सके। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आर के भरद्वाज ने कहा कि समप्रभुता और सुरक्षा के लिए प्रत्येक नागरिको को आगे आकर जिम्मेदारी लेना पड़ेगा। ग्राम सुरक्षा समिति की जिम्मेदारी है कि तस्करी रोकने में मदद करें। नेपाल से हमारे अच्छे सम्बन्ध है इसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सम्बन्ध को प्रगाढ़ बनाने का प्रयास है। बार्डर से आने जाने वाले नेपाली नागरिकों के साथ किसी प्रकार की असमाजिकता न होने पाए। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए एसएसबी के डीआईजी राजीव राणा ने कहा कि भारत नेपाल सीमा पर हमारे जवान सुरक्षा में तैनात हैं, सेवा सुरक्षा बंधुत्व के ध्येय से काम हमारे जवान कर रहे हैं। समय–समय पर नागरिक गतिविधि कार्यक्रमो के माध्यम से सीमाई क्षेत्र के नागरिकों को जोड़ा जाता है। मानव सेवा संस्थान सेवा के निदेशक राजेश मणि ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा सीमा क्षेत्र में मानव तस्करी भी एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने जनपद को बाल मित्र पुलिस बनाने को सभी थानों पर वाल पेंटिंग, खिलौने इत्यादि ऐसे कार्य किये जाने का प्लान है जिससे बच्चों की पुलिस के प्रति एक मित्रवत सम्बन्ध बन सके। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी एक संगठित अपराध है इसको रोकने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर में हमारे तीन सेंटर ककरहवा, खुनुवा, बढ़नी में संचालित है, इसके तहत मानव तस्करी को रोकने, ड्राप आउट बच्चों को शिक्षित करने, तथा बच्चे एव बच्चियों के समन्वय विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। गोष्ठी में उपरोक्त के अलावा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, प्रभारी कमाण्डेन्ट एसएसबी आर के डोगरा, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, राणा महेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य नियन्ता डॉ दीपक बाबू, डिप्टी कमांडेंट सुहेल अहमद, अधिशासी अभियन्ता उमेश कुमार गुप्ता, एसएसबी निरीक्षक उमेश सिंह, थानाध्यक्ष कपिलवस्तु ज्ञानेंद्र रॉय, मोहाना सन्तोष कुमार सिंह, शोहरतगढ़ पंकज पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, पवन मिश्र, दिलीप पाण्डेय, ग्राम प्रधान ई. प्रदीप चौधरी, मानव संस्थान के धर्मेन्द्र सिंह, जय प्रकाश गुप्त सन्तोष पाण्डेय, देवेंद्र उपाध्याय, अजीजुद्दीन, देवेंद्र चौधरी, विजय चौरसिया, अब्दुल रसीद, अब्दुल रशीद, विनोद सामन्त, अब्दुल रब्बानी, पंकज चौबे, कमरुद्दीन, जग मोहन, मुस्तकीम, आरएन कसौधन, आदि पुलिस कर्मी एवं ग्राम सुरक्षा समिति के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## विपिन तिवारी ने कैनवस मैच के विजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड के जनसेवा इंटर



कॉलेज इमलीपुर फुलवारी के परिसर में पांच दिसम्बर से चल रहे कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गुरूवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें बिजयी टीम को भाजयुमो के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी ने ट्राफी देकर सम्मानित किया,गुरुवार को फाइनल में पहुंची बजरंग दल इमलीपुर व चित्रांश क्रिकेट एकेडमी राजगढ़ टीमों के बीच मैच खेला गया, जिसमें बजरंग दल इमलीपुर ने सभी विकेट खोकर 59 रन बनाया , जबाब में उतरी राजगढ़ की टीम चित्रांश क्रिकेट एकेडमी द्वारा 59 रन का लक्ष्य पार करते हुए विजय हासिल की गई, मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने अच्छे खेलने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया,और खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया, वही कमेटी के अध्यक्ष बालेंद्र सिंह पटेल के द्वारा सभी क्षेत्रवासियों सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, इस अवसर पर चंदन पटेल, दाऊ भाई, मोनू पटेल, अमित मेडिकल, विनोद पटेल, अशोक चौधरी सहित सैकड़ों ग्रामीण और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा मासिक संगीत बैठकी का आयोजन






दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ। गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा इस वर्ष की अंतिम बैठकी का आयोजन आशा तिवारी के अध्यक्षता में केशवनगर, सीतापुर रोड स्थित उनके निवास स्थान पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ लोक गायिका विमल पंत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व विवाह गीत पहली कियरिया गाया।

उसके उपरांत सुमन पांडा एवं आभा शुक्ल ने भगवान के भजन सुनाए। संस्था की सचिव रंजना मिश्रा ने बताया कि इस बैठकी में नीलम तिवारी ने स्वरचित गीत गंगा मइया तुम्हारी जय हो व कईलो साझीदारी खेती, बोले डमरू वाले श्याम गीत गया। रागिनी मिश्रा ने सरौता कहा भूलि आये प्यारे ननदोईया गीत गा कर सभी को हसने पर विवश कर दिया। भावना शुक्ला ने विवाह गीत व नकटा गाया। शशि वर्मा ने भजन की प्रस्तुति दी। रश्मि उपाध्याय, लक्ष्मी शुक्ला, कान्ति बाजपेयी, किरण शुक्ला, नीलम सचान, शकुन्तला गुप्ता, अनुज ओझा समेत लगभग 20 प्रतिभागियों ने अलग अलग विधा के गीतों का गुलदस्ता सजाया साथ ही लोकगीत व लोकसंगीत के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी लिया।

## भाजपा कर्मा मंडल की आवश्यक बैठक बहेरा में हुई सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी मंडल कर्मा की आवश्यक



बैठक बहेरा भगवान शंकर मंदिर पर संपन्न हुई बैठक में जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य और कर्मा मंडल के प्रभारी दया शंकर पांडे भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा और मंडल के महामंत्री मनीष मिश्रा मंडल के सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी हर बूथ पर हां कार्यक्रमों का प्रभारी बनाए गए और मंडल सशक्तिकरण पर योजना बनाई गई हर शक्ति केन्द्र की बैठक करके बुथ पर सभी कार्य क्रम कर के बुथ को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्य कर्ता काम करें, मण्डल प्रभारी दया शंकर पाण्डेय ने सभी मण्डल के मोर्चा की बैठक भी करने केलिए कहा, सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सभी कार्य कर्ता काम करें, मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी मण्डल के पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष और शक्ति केन्द्र संयोजक और प्रभारी आभार व्यक्त किया और कार्य क्रम का समापन किया। कार्य क्रम का संचालन मण्डल महामंत्री मनिष मिश्र ने किया उक्त अवसर पर अंकुर सिंह,भ् ागौती शुक्ल अरबिंद श्रीवास्तव बिरेंद्र बहादुर समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

## एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर द्वारा ओपेन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। एनटीपीसी सिंगरौली,शक्तिनगरसी एस आर द्वारा जेएमसी क्लब के माध्यम से ओपेन बैडमिंटन टूर्नामेंट का




आयोजन जे एम ई कालोनी में किया गया। इस ओपेन बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश औरमध्यप्रदेश की कुल 40 टीमों द्वारा प्रतिभागिता की गई। इस टूर्नामेंटका शुभारंभमुख्य अतिथि बिजोय कुमार सिकदर (मानव संसाधन प्रमुख) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सिकदर ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल का हम सभी के जीवन में विशेष महत्व है जिसके कारण हमारा शरीर स्वस्थ और तंदरुस्त रहता है। खेल को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी सिंगरौलीविविध खेल कार्यक्रम आयोजित करती रहती है एवं भविष्य में भी खेल कूद को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी प्रतिबद्ध है। इस ओपेन बैडमिंटन टूर्नामेंट के जेएमसी कप के समापन समारोह में ओबरा की टीम फाइनल मैच जीतकर विजेता घोषित हुई। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा समापन समारोह में विजेता टीम नगद इनाम और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया । इस आयोजन में शक्तिनगर प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, कुमार आदर्श, (कार्यपालक सीएसआर), पत्रकारबंधु समेत तमाम दर्शक मौजूद रहे। आयोजन समिति में सत्य प्रकाश सिंह समेत के.बी मिश्रा, गौतम मिश्रा, यश बंसल, राजेश खत्री अजय मिश्रा सचिनंदन सिंह अजय गुप्ता शौनक नेगी, कुश बंसल, अमित सिंह विनोद गुप्ता शामिल रहे।

## रूद्रा माडर्न पब्लिक स्कूल भगौती में दो दिवसीय खेल कुद प्रतियोगिता प्रारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। रूद्रा माडर्न पब्लिक स्कूल में प्रथम वार्षिक




खेल कूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम अधार कोल ने किया जिसमें बिभिन्न प्रकार के खेल कूद का आयोजन किया गया तथा बिभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर छोटे छोटे बच्चों ने जल्वा बिखेरा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि खेल कूद से बच्चों का मानसिक बिकास होता है समय समय पर पढाई के साथ बच्चों में खेल कूद की भावना होनी चाहिये वही प्रधानाचार्य आलोक कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम दो दिवसीय है आज एल के जी से 5 तक कल 5 से 8 तक के बच्चों का कार्यक्रम है समापन के बाद बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र शुक्ल ने किया उक्त अवसर पर संदीप पाण्डेय शिव पाण्डेय बीडीसी सागर प्रधान नगेन्द्र कुमार समेत समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।


बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# दौडने से काफी अलग है स्प्रिंटिंग, जानिए इससे होने वाले 5 प्रमुख फायदे



स्प्रिंटिंग का मतलब होता है थोड़े–थोड़े समय के लिए तेजी से दौड़ना। यह एक्सरसाइज फिटनेस फ्रीक लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। यह कैलोरी बर्न करने, मांसपेशियों का निर्माण करने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में काफी मददगार है। इसके अलावा आप स्प्रिंटिंग करने से थकते नहीं हैं और लंबे समय तक एक्टिव महसूस कर सकते हैं। स्प्रिंट करने से आपको हाई इंटेन्सिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) में भी काफी मदद मिलती है। चलिए आज आपको स्प्रिंटिंग के पांच फायदे बताते हैं।

हृदय स्वास्थ्य को बेहतर करती है स्प्रिंटिंग

स्प्रिंटिंग एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर करती है और आपको एक्टिव रखती है। यह एक्सरसाइज करने से जब आप आराम कर रहे होते हैं, उस वक्त कम हृदय गति प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को सुधारती है और ब्लड प्रेशर को स्थिर करती है। इसकी मदद से आप हृदय संबंधित गंभीर बीमारियों के जोखिम से बचे रहते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य में करती है सुधार

स्प्रिंटिंग आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। दरअसल, जब आप स्प्रिंटिंग करते हैं तो आपका शरीर एंडोर्फिन रिलीज करता है। एंडोर्फिन एक ऐसा रसायन है जो दर्द और तनाव को कम करता है और आपको सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करने में मदद करता है। इसके साथ ही स्प्रिंटिंग आपके तनाव को दूर रख सकती है, चिंता को कम कर सकती है और डिप्रेशन को भी कम करने में कारगर है।

मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में है मददगार

दौडने या जॉगिंग की तुलना में स्प्रिंटिंग करने से आप ज्यादा कैलोरी बर्न कर सकते हैं। शोधकर्ता बताते हैं कि स्प्रिंटिंग से ऊर्जा बर्न होने की दर बढ़ जाती है, जो किसी इंसान के एक्सरसाइज करने के बाद भी जारी रहती है। इसके अलावा यह आपके अतिरिक्त फैट को बर्न करने, आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने और आपको सही आकार में रखने में भी मदद करती है। आप एचआईआईटी वर्कआउट के एक पार्ट के रूप में स्प्रिंटिंग कर सकते हैं।

ग्लूकोज नियंत्रण में करती है सुधार

स्प्रिंटिंग आपकी मांसपेशियों में स्टोर ग्लाइकोजन को कम करने में मदद कर सकती है और यह सुनिश्चित करती है कि आपके शरीर में बहुत ज्यादा इंसुलिन नहीं हो। बेशक इंसुलिन शरीर के लिए अच्छा होता है, लेकिन बहुत ज्यादा इंसुलिन शरीर के अंदर जमा होने वाली अतिरिक्त फैट को बढ़ा सकता है। इसके कारण यह इंसुलिन प्रतिरोध पैदा कर सकता है, जिससे किसी इंसान के लिए वजन कम करना मुश्किल हो जाता है।

मांसपेशियों के लिए भी है लाभदायक

हमारे शरीर में टाइप 1 और टाइप 2 मांसपेशी फाइबर होते हैं। टाइप 1 मांसपेशी फाइबर दौड़ने या कार्डियो एक्सरसाइज के दौरान इस्तेमाल होता है, वहीं टाइप 2 फाइबर स्प्रिंटिंग के समय इस्तेमाल होता है।

रिपोर्ट के अनुसार, टाइप 2 फाइबर आपके पैरों की मांसपेशियों को पतला रखने में मदद करता है। इससे आपके शरीर में फैट भी कम होता है। इसी वजह से स्प्रिंटिंग मांसपेशियों का निर्माण करने में मदद कर सकती है।

## सिल्वर डीपनेक आउटफिट में निक्की तंबोली ने बरपाया कहर

बिग बॉस के घर से लोगों के दिलों में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपनी हॉटनेस से फैंस पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों पर कहर बरपाती हैं। सिल्वर आउटफिट में एक्ट्रेस निक्की तंबोली बेहद ही ग्लैमरस



अंदाज नजर आ रही हैं। सिल्वर कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस निक्की तंबोली बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। डीपनेक आउटफिट में निक्की तंबोली अपनी जबरदस्त क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। रेड डार्क लिपस्टिक और मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस निक्की तंबोली में गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली डिफरेंट अंदाज में कई किलर पोज देती नजर आ रही हैं। निक्की तंबोली अपने फैंस के साथ जुडने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर फैंस लाइक और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। फैंस भी एक्ट्रेस निक्की तंबोली की इन तस्वीरों को बेहद ही पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं निक्की तंबोली के इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं।






## सलमान खान के बाद ही करूंगा अपनी शादी: प्रभास



बाहुबली स्टार प्रभास से हाल ही में एक टॉक शो में उनके लव लाइफ के बारे में सवाल किया गया। इस दौरान उनसे पूछा गया कि वो शादी कब कर रहे हैं। इसके जवाब में प्रभास ने कहा कि जब सलमान खान की शादी हो जाएगी उसके बाद ही वो शादी करेंगे। इतना कहने के बाद वो जोर से हंस पड़े। बता दें कि प्रभास इस समय फिल्म इंडस्ट्री के मोस्ट एलिजिबल बैचरल में से एक हैं। हाल ही उनकी और कृति सेनन की लिंकअप की खबरें आ रही थीं। दोनों अगले साल मेगाबजट फिल्म आदिपुरुष में साथ नजर आने वाले हैं। नंदामुरी बालकृष्ण के ओटीटी टॉक शो अनस्टॉपेबल 2 में प्रभास से उनके निजी जीवन के बारे में काफी सवाल जवाब किए गए। इस दौरान शो के होस्ट ने प्रभास से पूछा कि वो शादी कब करेंगे। जिसके जवाब में प्रभास ने तपाक से बोला, श्सलमान खान के बाद। इतना कहने के तुरंत बाद वो जोर से हंसने लगते हैं। बता दें कि सलमान खान की उम्र 59 साल है लेकिन उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है। बता दें कि कुछ दिन पहले प्रभास और कृति सेनन की लिंक अप की खबरें आई थी। एक रियालिटी शो में वरुण धवन ने बातों– बातों में कृति का नाम प्रभास के साथ जोड़ दिया था। फैंस मान रहे थे कि प्रभास और कृति अपने रिश्ते को पब्लिक करेंगे लेकिन कृति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इन सभी अफवाहों पर विराम दे दिया। इसके अलावा वरुण ने भी अपनी कही बात पर सफाई दे दी थी। प्रभास और कृति सेनन की जोड़ी अगले साल आने वाली मेगा बजट फिल्म आदिपुरुष में दिखेगी। इसी फिल्म के सेट पर दोनों के लिंकअप की खबरें आईं थी। बता दें कि ओम राउत के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 16 जून 2023 में रिलीज होगी। फिल्म में प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान और सनी सिंह अहम किरदार में होंगे। ये एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी समेत तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का बजट लगभग 500 करोड़ रुपए है हालांकि टीजर रिलीज होने के बाद से ही इसे काफी ट्रोल किया गया। फिल्म के खराब वीएफएक्स और भगवान राम, हनुमान और रावण के लुक को गलत तरीके से दिखाने के लिए फिल्म के मेकर्स को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।

## रणवीर सिंह, और अर्जुन कपूर और गोविंदा आंखें की रीमेक के लिए परफेक्ट

रोहित शेट्टी अभी अपनी कॉमेडी फिल्म सर्कस का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं। फिल्म 23 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रोहित ने एक इंटरव्यू में 1993 में आई फिल्म आंखें की रीमेक



पर बातचीत की है। उन्होंने कहा है कि आंखें की रीमेक के लिए अभिनेता रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर और गोविंदा परफेक्ट हैं। बता दें कि डेविड धवन के निर्देशन की ऑरिजनल फिल्म में भी गोविंदा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। रोहित ने कहा, रणवीर गोविंदा का किरदार निभा सकते हैं, अर्जुन चंकी पांडे का रोल कर सकते हैं और परेश भाई (परेश रावल) कादर खान के लिए एकदम सही होंगे। इसके बाद उन्होंने अपनी बात बदलते हुए कहा कि कादर का किरदार गोविंदा निभा सकते हैं। उनकी मानें तो गोविंदा और रणवीर डबल रोल में खूब जंचेंगे। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, इसके कॉपी राइट्स मेरे पास हैं, कोई जाकर राइट्स मत खरीदना।

## ग्लाइकोलिक एसिड बनाम सैलिसिलिक एसिड: जानिए त्वचा के लिए क्या है ज्यादा बेहतर



ग्लाइकोलिक और सैलिसिलिक एसिड दो ऐसी सामग्रियां हैं, जो आमतौर पर कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स जैसे टोनर और क्लींजर में मौजूद होती हैं। ये दोनों त्वचा के लिए अच्छी मानी जाती हैं। हालांकि कई महिलाएं इस उलझन में रहती हैं कि इनमें से त्वचा के प्रकार के अनुसार किसे चुनना चाहिए और इनमें से कौन त्वचा को सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाएगा। आइए आज इस लेख में आपको इन्हीं सवालों के जवाब देते हैं।

ग्लाइकोलिक एसिड क्या है?: ग्लाइकोलिक एसिड एक कार्बनिक यौगिक है जो अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड (ß) के समूह से संबंधित है। यह यौगिक आमतौर पर गन्ना, नींबू और खरबूजे जैसे मीठे और खट्टे फलों में पाया जाता है। यह एसिड पानी में घुलनशील होता है और एक्सफोलिएंट के रूप में कार्य करता है। यह त्वचा को चमकदार बनाने, मुंहासों की समस्या से बचाने और समय से पहले उभरने वाले बढ़ती उम्र के लक्षणों को दूर करने में मदद सकता है।

सैलिसिलिक एसिड क्या है?: सैलिसिलिक एसिड एक ऐसा यौगिक है जो मुख्य रूप से पौधों में होता है। यह एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। इसके अतिरिक्त यह एक्सफोलिएट के रूप में भी काम करता है। इसका इस्तेमाल स्किन केयर प्रोडक्ट्स में अलग–अलग अनुपात में होता है। हालांकि रूखे प्रकार की त्वचा वालों को सैलिसिलिक एसिड युक्त स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए क्योंकि यह त्वचा को और ज्यादा रूखा बना सकता है।

किस तरह की त्वचा के लिए किसका इस्तेमाल है आदर्श?

ग्लाइकोलिक एसिड युक्त स्किन केयर प्रोडक्ट्स रूखी और कॉम्बिनेशन त्वचा के लिए ज्यादा अच्छा है। अगर आप असमान त्वचा या हाइपरपिग्मेंटेशन को कम करना चाहते हैं तो इसका इस्तेमाल करें। यह एंटी–एजिंग के तौर पर भी कार्य करता है। मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए भी इसका इस्तेमाल करें। सैलिसिलिक एसिड वाले स्किन केयर प्रोडक्ट्स तैलीय त्वचा के लिए अच्छे होते हैं। यह त्वचा के कोलेजन उत्पादन को बढ़ाकर झुर्रियों को कम करने में भी मदद कर सकता है।

ग्लाइकोलिक और सैलिसिलिक एसिड में से किसका चयन करें?: ग्लाइकोलिक और सैलिसिलिक एसिड, दोनों को ही स्किन केयर प्रोडक्ट्स की महत्वपूर्ण सामग्रियां होती हैं। हालांकि अगर आपकी त्वचा रूखी है तो सैलिसिलिक एसिड वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचें। दूसरी तरफ ग्लाइकोलिक एसिड हर तरह की त्वचा के लिए अच्छा है। हमेशा अपनी त्वचा की जरूरत को ध्यान में रखकर ही इन एसिड से युक्त प्रोडक्ट्स का चयन करें।